सान्ध्य हिन्दी दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष - 03 | अंक - 138 | जौनपुर, सोमवार, 06 जनवरी 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज - 4 | मूल्य - 2 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### नीतीश कुमार भाजपा से डरे हुए हैं : मृत्युंजय तिवारी

पटना, (एजेंसी)। बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। आरजेडी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि नीतीश कुमार भाजपा से डरे हुए हैं। भाजपा उनकी पार्टी जेडीयू को समाप्त करेगी और जल्द ही सीएम की कुर्सी से भी हटाएगी। आरजेडी प्रवक्ता ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान नीतीश कुमार के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी है जिसमें नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद यादव के खुले ऑफर को ठुकरा दिया है। नीतीश कुमार ने कहा है कि वह दो बार गलती कर चुके हैं अब कहीं नहीं जाएंगे। आरजेडी प्रवक्ता ने कहा कि नीतीश कुमार कह रहे हैं कि अब वह इधर–उधर नहीं करेंगे। लेकिन, जनता ने तय कर लिया है उन्हें किधर जाना है। नीतीश कुमार की विश्वसनीयता समाप्त हो गई है। अब बिहार की जनता तैयार है और तेजस्वी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। नीतीश कुमार को पार्टी और कुर्सी को बचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद ने व्यंग्य करते हुए कहा था।

### कांग्रेस में शामिल हुए आप नेता पठानिया और मोनिका

, (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही नेताओं का पार्टी बदलने का सिलसिला शुरू हो गया है और इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के नेता रघुरेन्द्र पठानिया और मोनिका सिंह ने रविवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दोनों नेताओं को प्रदेश कार्यालय में पार्टी का पटका पहना कर कांग्रेस की सदस्यता दिलायी। इस अवसर पर यादव के अलावा अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के सचिव प्रभारी सुखविंदर सिंह डैनी और दानिश अबरार, दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के अध्यक्ष रौनक खत्री सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। यादव ने आप से कांग्रेस में शामिल होने वाले नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि इनके आने से पार्टी मजबूत होगी।

### पोरबंदर हवाईअड्डे पर हेलीकॉप्टर क्रैश

पोरबंदर, (एजेंसी)। गुजरात के पोरबंदर हवाईअड्डे पर रविवार को बड़े हादसे में कोस्ट गार्ड का एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया है। हेलीकॉप्टर के क्रैश होने के बाद उसमें आग लग गई, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई। हादसे के बाद पुलिस और राहत कार्यों में जुटी टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया है। मिली जानकारी के अनुसार, इस दुर्घटना में 3 लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है। वहीं, कुछ लोग घायल भी हुए हैं जिन्हें नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है। हेलीकॉप्टर क्रैश होने के पीछे क्या कारण है। अभी इस बारे में कोई जानकारी निकलकर सामने नहीं आई है। ? मामले की जांच की जाएगी। घटना स्थल पर दमकल विभाग और मेडिकल की टीम मौजूद है। बता दें कि गत वर्ष 4 नवंबर 2024 को भी भारतीय वायुसेना का एक मिग विमान क्रैश हो गया था।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नमो भारत कॉरिडोर का उद्घाटन किया

नई दिल्ली, (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यू अशोक नगर में 13 किमी. लंबे नमो भारत ट्रेन के साहिबाबाद–न्यू अशोक नगर सेक्शन का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने नमो भारत कॉरिडोर के साहिबाबाद स्टेशन पर अधिकारियों से बात कर इसके बार में जानकारी ली। साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा की। यात्रा के दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों और अन्य लोगों से बातचीत की। इसके अलावा पीएम ने 12,200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम ने दिल्ली मेट्रो फेज–4 के जनकपुरी पश्चिम–कृष्णा पार्क के बीच करीब 1,200 करोड़ रुपये की लागत वाले दो किमी लंबे हिस्से का उद्घाटन किया। इससे पश्चिमी दिल्ली के कृष्णा पार्क, विकासपुरी और जनकपुरी के लोगों को फायदा मिलेगा। इसके अलावा करीब 26 किलोमीटर लंबे रिठाला–कुंडली खंड की आधारशिला भी रखी। यह कॉरिडोर रिठाला को हरियाणा के नाथूपुर (कुंडली) से जोड़ेगा। वहीं, रोहिणी में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) के नए अत्याधुनिक भवन की आधारशिला भी रखेंगे। इसका निर्माण करीब 185 करोड़ रुपये की लागत से होगा। वहीं, पीएम ने नई दिल्ली के रोहिणी में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) के लिए नए अत्याधुनिक भवन की आधारशिला भी रखी, जिसका निर्माण लगभग 185 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। आरआरटीएस को दिल्ली के चारों और के शहरों से जोड़ा जाएगा। इससे न केवल लोगों के समय की बचत होगी बल्कि दिल्ली–एनसीआर में वायु प्रदूषण में भी राहत मिलेगी। एनसीआर से दिल्ली में रोजाना आवाजाही करने वाले लोगों के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं होगा। मौजूदा समय में आरआरटीएस के फेज–1 में तीन कॉरिडोर प्रस्तावित हैं। जिसमें से दिल्ली–मरेठ कॉरिडोर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। शेष दो अन्य दिल्ली–अलवर और दिल्ली पानीपत कॉरिडोर पर भी जल्द काम शुरू होगा। वहीं फेज–दो में पांच कॉरिडोर प्रस्तावित हैं। इस तरह से आरआरटीएस के आठ कॉरिडोर के तैयार हो जाने से दिल्ली–एनसीआर में मास ट्रांजिट सिस्टम दुनिया के अन्य शहरों से भी बड़ा हो जाएगा। दिल्ली के चारों ओर 100 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी प्रमुख शहर आरआरटीएस से जुड़ेंगे। दिल्ली–मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर 82.15 किलोमीटर लंबा है। दिल्ली के हिस्से में 14 किलोमीटर तो यूपी के हिस्से में करीब 68 किलोमीटर है। फेज–1 में प्रस्तावित दो अन्य कॉरिडोर दिल्ली से पानीपत कॉरिडोर की लंबाई 103.02 किमी जबकि वहीं, राजस्थान के अलवर और सराय काले खां के बीच के कॉरिडोर की लंबाई 106 किमी है। दिल्ली से पानीपत और अलवर के कॉरिडोर के निर्माण हो जाने के बाद दिल्ली–एनसीआर में आरआरटीएस की सभी कॉरिडोर की कुल लंबाई 291 किमी से अधिक होगी। बताया जा रहा है कि इन दोनों कॉरिडोर



की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट भी तैयार की जा चुकी है। केंद्र सरकार की हरी झंडी के बाद इस पर काम शुरू किया जाएगा। दिल्ली मेट्रो की कई लाइनों से होगी कनेक्टिविटी मौजूदा समय में दिल्ली मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर आनंद विहार, न्यू अशोक नगर और सराय काले खां मेट्रो स्टेशन से जुड़ा हुआ है। आरआरटीएस के दो अन्य कॉरिडोर भी दिल्ली मेट्रो से जुड़ेंगे। इसमें सराय काले खां से अलवर कॉरिडोर आईएनए, मुनिरका और एयरोसिटी समेत कई मेट्रो स्टेशनों से जुड़ेगा। साथ ही पानीपत जाने वाला कॉरिडोर भी कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन के साथ अन्य स्टेशन से जुड़ेगा। अधिकारियों का कहना है कि जरूरत के हिसाब से दिल्ली मेट्रो की कई लाइनों के साथ आरआरटीएस कॉरिडोर जुड़ेंगे। ताकि लोगों की आवाजाही बिना किसी रुकावट के हो सके। शाम 5 बजे से हर 15 मिनट पर मिलेगी नमो भारत ट्रेन नया सेक्शन शुरू होने के बाद शाम पांच बजे से 15 मिनट के अंतराल पर नमो भारत ट्रेन जनता के लिए उपलब्ध होगी। आनंद विहार से मेरठ तक 35 मिनट व न्यू अशोक नगर से मेरठ तक 40 मिनट में पहुंचा जा सकेगा। दिल्ली से मेरठ की दिशा में न्यू अशोक नगर स्टेशन से मेरठ साउथ तक का किराया स्टैंडर्ड कोच के लिए 150 रुपये व प्रीमियम कोच के लिए 225 रुपये है।

## सीएम योगी ने कल्याण सिंह की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि



लखनऊ, (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यपाल कल्याण सिंह की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि उप्र में सुशासन के संस्थापक श्रीराम मंदिर आंदोलन के अग्रदूत, राजस्थान के पूर्व राज्यपाल एवं यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह श्बाबूजीश का समाज के पुनर्निर्माण में अविस्मरणीय योगदान है। एक्स पर पोस्ट करते हुए सीएम ने कहा कि बाबूजी ने अपने जीवन का एक–एक क्षण समाज व राष्ट्र की सेवा में समर्पित किया था। सेवा, सुशासन और सामाजिक न्याय हेतु सदैव समर्पित रहे। सीएम ने श्पद्म विभूषणश कल्याण सिंह की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम ने कहा कि कल्याण सिंह भारत मां के महान सपूत, राष्ट्रभक्त व रामभक्त थे। 1932 में अलीगढ़ के एक छोटे से गांव में आज ही के दिन सामान्य किसान परिवार में उनका जन्म हुआ था। बाल्यकाल से ही देश की आजादी की लड़ाई को देखने, स्वतंत्रता के बोध व भावी भारत के निर्माण में हमारी क्या भूमिका होगी, इन संस्कारों से ओतप्रोत बालक कल्याण सिंह ने उस समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सामान्य शाखा से लेकर आगे के कार्यक्रमों के माध्यम से खुद को राष्ट्रभक्ति के सांचे में ढाला था। किसान, शिक्षक, 1977 में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री, विधायक, सांसद, दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री व दो राज्यों के राज्यपाल के रूप में उनकी कार्यकुशलता, कर्मठता व प्रशासनिक क्षमता की दक्षता को हर किसी ने स्वीकार किया। सिद्धांतों व मूल्यों से कभी समझौता नहीं किया सीएम ने कहा कि सत्ता के लिए लोग सिद्धांतों की तिलांजलि दे देते हैं। कुछ प्राप्त करने के लिए मूल्यों के साथ समझौता करते हैं, लेकिन कल्याण सिंह जैसे व्यक्तित्व ने मूल्यों व सिद्धांतों के साथ कभी समझौता नहीं किया। रामजन्मभूमि आंदोलन और उसके बाद भी प्रदेश की राजनीति को नई दिशा देने, प्रशासनिक दक्षता को परिपूर्ण करने के लिए उनके द्वारा 1990 के दशक के प्रारंभ व उत्तरार्ध में जो प्रयास प्रारंभ किए गए थे, वह नए उत्तर प्रदेश का दर्शन कराते हैं। पहली बार यूपी वालों को सुशासन का अहसास कराया सीएम ने कहा कि देश 1947 में आजाद हुआ, लेकिन उत्तर प्रदेश के लोगों को पहली बार इसका अहसास तब हुआ, जब मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करके कल्याण सिंह जी ने शासन व्यवस्था को आगे बढ़ाया। उस समय भी उन्हें अस्थिर करने के लिए झुंड के झुंड अव्यवस्था फैलाने पर उतारू थे। उसकी परवाह किए बिना उन्होंने श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए सरकार की तिलांजलि दी। उनकी दूरदर्शिता थी, जो सपना उन्होंने देखा, वह साकार हो गया। आज अयोध्या में रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण कार्य पूरा हो गया तो उनकी आत्मा को भी असीम शांति प्राप्त हुई होगी। सीएम ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के जिस एकात्म मानववाद को उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पाठशाला में सीखा था, उसे धरातल पर भी उतारा। अन्नदाता किसानों के लिए घोषित योजनाएं हों, नकल विहीन परीक्षा के माध्यम से उप्र के युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल करने के उनके द्वारा चलाया गया ।

## रमेश बिधूड़ी ने प्रियंका गांधी को लेकर दिया विवादित बयान, भड़की कांग्रेस

नई दिल्ली, (एजेंसी)। दिल्ली की कालकाजी विधानसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी ने कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी को लेकर विवादित बयान दिया है। बिधूड़ी के बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने रमेश बिधूड़ी के बयान को महिला विरोधी बताया। उन्होंने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए कहा, भाजपा घोर महिला विरोधी है। भाजपा के पूर्व सांसद और कालकाजी सीट से उनके प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी का प्रियंका गांधी के संदर्भ में दिया बयान शर्मनाक ही नहीं बल्कि उनकी औरतों के बारे में कुत्सित मानसिकता को दिखाता है। जिस आदमी ने सदन में अपने साथी सांसद को गंदी गालियां दी हों और इसकी कोई सजा ना मिली हो, उससे और क्या उम्मीद की जा सकती है? यही बीजेपी का असली चेहरा है। सुप्रिया श्रीनेत ने आगे कहा, क्या इस घटिया भाषा और सोच पर बीजेपी की महिला नेत्रियां, महिला विकास मंत्री, नड्डा जी या खुद प्रधानमंत्री मोदी कुछ बोलेंगे? असल में यह महिला विरोधी घटिया भाषा और सोच के जनक तो खुद मोदी जी ही हैं। जब वो चुनावी सभाओं में मंगलसूत्र और मुजरा जैसे शब्द बोलते हैं तो उनके लोग और क्या ही बोलेंगे? इस घटिया सोच के लिए न केवल रमेश बिधूड़ी बल्कि उनके शीर्ष नेतृत्व को माफी मांगनी चाहिए। प्रियंका गांधी वाड्रा को लेकर दिए विवादित बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## केंद्रीय मंत्री गडकरी के बयान का शिवसेना यूबीटी नेता ने किया समर्थन

नई दिल्ली, (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के बयान ष्राजनीति में सत्तारूढ़ पार्टी की ओर भागते हैं लोगष का शिवसेना (यूबीटी) प्रवक्ता आनंद दुबे ने समर्थन किया है। करीब 50 सेकंड की वीडियो जारी कर उन्होंने कहा, ष्अगर वो कह रहे हैं कि सुचिता की राजनीति नहीं बल्कि कटुता की राजनीति हो रही है तो भाजपा को आत्म चिंतन करने की जरूरत है। क्योंकि, नितिन गडकरी छोटे नेता नहीं हैं वह प्रधानमंत्री स्तर के नेता हैं। अगर वह बार–बार किसी बात को दोहरा रहे हैं और राजनीति को साफ–सुथरा बताना चाह रहे हैं लेकिन वो कर नहीं पा रहे हैं तो यह भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की बहुत बड़ी विफलता है।ष उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं आरएसएस इसमें भूमिका निभाए और भाजपा को सुचिता का पाठ पढ़ाए। आने वाली पीढ़ियां भाजपा को शुभ चीजों के लिए याद करें। नितिन गडकरी की बातों से हम सभी लोग सहमत हैं। उल्लेखनीय है कि 4 जनवरी को पुणे में मराठा सेवा संघ की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था राजनीति को लेकर उनके विचार अच्छे नहीं हैं। क्योंकि, इसमें लोग सत्ता पक्ष की ओर भागते हैं। जैसे कि इसमें इस्तेमाल कर फेंकने की राजनीति की जाती है। मैं समझता हूं कि जो लोग सत्ता पक्ष पार्टी की ओर भागते हैं उन लोगों की विचारधारा कहां चली जाती है। एक कहानी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे पास एक दिन एक आदमी आया और बोला कि वह देश के लिए जान देना चाहता है। व्यक्ति का उस समय कारोबार ठप्प था। घर में उसकी पत्नी और बच्चे थे। मैंने उससे कहा कि पहले घर पर पत्नी और बच्चों का ख्याल रखो फिर देश का रखना। उन्होंने कहा कि वह शिवाजी महाराज को अपना आदर्श मानते हैं। अपने शासनकाल के दौरान उन्होंने सभी धर्मों के साथ हमेशा अच्छा व्यवहार किया।

## जनता के सुझाव से बजट तैयार करेगी झारखंड सरकार, सीएम सोरेन ने लॉन्च किया पोर्टल और मोबाइल ऐप

रांची, (एजेंसी)। झारखंड सरकार ने वित्त वर्ष 2025–26 के बजट की तैयारी शुरू कर दी है। इसे लेकर सरकार ने आम जनता से सुझाव आमंत्रित किए हैं। इसके लिए सीएम हेमंत सोरेन ने रविवार की दोपहर अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पोर्टल और मोबाइल ऐप लॉन्च किया। इसे श्अबुआ बजटश का नाम दिया गया है। ऐप और पोर्टल लॉन्चिंग के अवसर पर राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के अलावा कई प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद सीएम सोरेन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, ष्आज आवास में अबुआ बजट पोर्टल और मोबाइल ऐप 2025–26 के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुआ। जन सहभागिता और जन भागीदारी के साथ हम राज्य को सतत विकास की ओर ले जाएंगे। आप सभी से अपील है कि राज्य के आगामी अबुआ बजट हेतु अपने बहुमूल्य सुझाव अवश्य दें। सरकार ने बजट के लिए सुझाव जमा करने की अंतिम तारीख 17 जनवरी तय की है। तीन सर्वश्रेष्ठ सुझाव देने वालों को सरकार पुरस्कृत भी करेगी। बताया गया है कि सुझाव देने के लिए लोगों को पहले श्फिनान्स डॉट झारखंड डॉट जीओवी डॉट इन स्लैस बजट विचारश पर या फिर श्अबुआ बजट मोबाइल ऐपश पर रजिस्टर करना होगा। उन्हें अपना मोबाइल नंबर या ईमेल दर्ज करना होगा। इसके बाद ओटीपी प्राप्त होगा,



जिसे अंकित करने के बाद वह उस पेज पर पहुंच जाएंगे, जहां अपने सुझाव लिख सकते हैं। प्रत्येक विभाग या क्षेत्र के लिए सुझाव दिए जा सकते हैं। झारखंड सरकार के वित्त विभाग की ओर से बताया गया है कि लोग श्अबुआ बजटश के फेसबुक, एक्स और इंस्टाग्राम पेज अथवा ईमेल के जरिए भी सुझाव भेज सकते हैं। व्हाट्सएप नंबर 8742887660 पर भी लोग सुझाव भेज सकते हैं। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा है ।

## दिल्ली की समस्याओं का समाधान स्थाई सरकार ही कर सकती है, अस्थाई मुख्यमंत्री नहीं : अलका लांबा

नई दिल्ली, (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में कालकाजी सीट का मुकाबला त्रिकोणीय है। एक ओर सत्ताधारी पार्टी आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री आतिशी को यहां से प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस पार्टी ने अलका लांबा को इस विधानसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाया है। इन तीनो हाई प्रोफाइल नेताओं की वजह से कालकाजी में मुकाबला पेचीदा हो गया है। कांग्रेस प्रत्याशी अलका लांबा ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए चुनाव में अपना पलड़ा भारी बताया। साथ ही उन्होंने श्आपश प्रत्याशी आतिशी को अस्थाई मुख्यमंत्री बताते हुए भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी



पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, ष्मुझे पूरा विश्वास है कि मेरा 30 साल का संघर्ष, मेरी ईमानदारी और काम, दिल्ली में जन्मी और पली–बढ़ी एक राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जनता के लिए किया गया कार्य लोगों के दिलों में जगह बनाएगा। अब मेरा लक्ष्य कालकाजी की जनता का विश्वास जीतना है, और उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान देना है। उन्होंने कहा, ष्जो समस्याएं हैं, उनका हल अस्थायी नहीं, बल्कि स्थायी होना चाहिए। दिल्ली में प्रदूषण, यमुना का दूषित पानी, बढ़ते अपराध, महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्याएं हैं, जिनका समाधान केवल एक स्थायी सरकार ही कर सकती है। कोई अस्थाई मुख्यमंत्री इसका समाधान नहीं कर सकता। मुख्यमंत्री की ओर से जो भी दावा किया जाता है, वह कालकाजी और बाकी विधानसभा क्षेत्रों के लिए असंगत है। एक आदर्श विधानसभा का मॉडल कालकाजी को बनना चाहिए था, लेकिन यहां की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। सड़कें खुदी पड़ी हैं, पार्किंग की समस्या, जाम की समस्या और गंदगी की स्थिति अब भी जस की तस है। इसका दोष भाजपा और आम आदमी पार्टी दोनों पर है। दोनों ने सत्ता संभालने के बाद कालकाजी की जनता के साथ धोखा किया और उन्हें निराश किया।

## तेजस्वी यादव का प्रशांत किशोर पर तंज, वैनिटी वैन में एक्टर बैठते हैं

पटना, (एजेंसी)। बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को इशारों ही इशारों में बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को फिर से कराने को लेकर जारी आंदोलन में शामिल होने वाले नेताओं पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि छात्रों के आंदोलन का राजनीतिकरण कर दिया गया। इस आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया गया। उन्होंने जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के आमरण अनशन के स्थान पर वैनिटी वैन के इस्तेमाल को लेकर कहा कि वैनिटी वैन में तो अभिनेता और अभिनेत्रियां बैठती हैं। उन्हें डायरेक्टर और प्रोड्यूसर बैठाते हैं। पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव शनिवार को छठे चरण के कार्यकर्ता संवाद यात्रा पर निकलने से पहले पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस यात्रा के क्रम में वह चंपारण, कैमूर, बक्सर सहित अन्य जिलों के पंचायत, प्रखंड के कार्यकर्ताओं से संवाद सह दर्शन करेंगे। बीपीएससी की 70वीं पीटी रद्द करने को लेकर चल रहे अभ्यर्थियों के आंदोलन से जुड़े एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हमलोग शुरू से ही इस आंदोलन के अभ्यर्थियों और छात्रों के साथ हैं, लेकिन इसे हाईजैक करने की कोशिश की गई। शुरू से ही छात्रों का कहना था कि किसी भी पॉलिटिकल पार्टी के लोगों का हमलोग आंदोलन में साथ नहीं चाहते हैं। इसके बावजूद इस आंदोलन का राजनीतिकरण किया गया। छात्रों का सम्मान करते हुए हमलोग नैतिक समर्थन दिए। छात्रों के कहने पर हमने एक बार नहीं, दो बार मुख्यमंत्री को इस मामले को लेकर पत्र लिखा। विधानसभा में 28 नवंबर को महागठबंधन के लोगों ने इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि यह बीपीएससी अभ्यर्थियों का आंदोलन है और उनकी लड़ाई है। हमलोग उनके साथ हैं। छात्रों के साथ अन्याय हुआ है और जब तक न्याय नहीं मिल जाता, हमलोग उनके साथ खड़े हैं। इस आंदोलन का बहुत लोगों ने राजनीतिकरण किया है, सभी लोगों ने देखा है कि छात्रों को कैसे लाठियों से पिटवाया गया। कौन लोग आंदोलन को कुचल रहे हैं और कौन लोग आंदोलन को खत्म करने में लगे हैं,।

## संपादकीय

# नीतीश को महंगा पड़ेगा छात्रों पर जुल्म

बिहार में बीपीएससी परीक्षा में धांधली पर छात्रों का आंदोलन उठ खड़ा हुआ है। छात्रों की मांग है कि सभी 912 केन्द्रों में बीपीएससी प्रारम्भिक परीक्षाएं दोबारा हों। इस मांग पर पखवाड़े भर से जारी आंदोलन को कुचलने के लिये बिहार सरकार अब बर्बरता पर उतर आई है। रविवार की रात को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान के पास एकत्रित हजारों परीक्षार्थियों पर पुलिस ने भीषण लाठी चार्ज किया और कड़कड़ाती ठंड में पानी की बौछारें फेंकी। उनका जमावड़ा सुबह से होने लगा था जिन्हें पुलिस बार–बार चेतावनी दे रही थी कि उन्हें प्रदर्शन की इजाजत नहीं है। इसे अनसुना करते हुए बड़ी संख्या में एकत्र हुए परीक्षार्थी पुलिस के बल प्रयोग से घायल हुए हैं तथा अनेक लोगों के खिलाफ पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज हुई है। नौजवानों के इस जुटान का फायदा लेने के लिये जनसुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर भी पहुंचे और मुख्य सचिव से मिल आये। लौटकर उन्होंने इस बात का श्रेय लेने की कोशिश की कि श्वे 5 प्रतिनिधियों के मिलने की अनुमति लाने में सफल हुए हैं। यदि इसके बाद भी परीक्षार्थी संतुष्ट न हुए तो उससे ऊपर बात की जायेगी।श हालांकि रविवार को जब लाठी चार्ज हो रहा था, तो वे मौके से गायब ही हो गये थे। बहरहाल, यह मुद्दा अब लगातार गर्मा रहा है और लोगों में रोष है। अगले साल बिहार विधानसभा चुनाव होने हैं जिसके लिये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य भर में प्रगति यात्रा निकाल रहे हैं। युवाओं के साथ यह जुल्म और उनकी अनसुनी नीतीश व उनकी गठबन्धन सरकार को महंगी पड़ सकती है। 70वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) परीक्षा को लेकर 18 दिसम्बर से प्रदर्शन जारी है। रविवार को परीक्षार्थियों ने प्रदर्शन का ऐलान कर रखा था। पुलिस ने पहले ही मैदान के सारे गेट बन्द कर दिये। परीक्षार्थी फिर भी मुख्यमंत्री निवास की ओर बढ़ने लगे। उन्हें पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोक दिया। जब वे इसके बावजूद नहीं रुके तो उन के खिलाफ बल प्रयोग किया गया। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा के लिये सितम्बर में विज्ञापन जारी हुआ था। इसमें शामिल होने के लिये लगभग 5 लाख लोगों ने आवेदन किया था। 3.25 लाख ने 13 दिसम्बर को परीक्षा दी परन्तु इसके पर्चे लीक होने, कई कोचिंग संस्थानों द्वारा दिये गये प्रश्नपत्रों से सवाल मिलने तथा अन्य अनियमितताओं के कारण इस परीक्षा को रद्द करने की मांग होने लगी, लेकिन बीपीएससी के परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार सिंह ने स्पष्ट कर दिया है कि श्परीक्षा रद्द होने का सवाल ही नहीं है। बेहतर है कि परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा की तैयारियों में जुट जायें। यह मुद्दा कहां तक जाता है और सरकार परीक्षार्थियों की मांगें पूरी करती है या नहीं, यह तो आने वाला वक्त ही बतायेगाय परन्तु रविवार के प्रदर्शन में हुई पुलिस कार्रवाई का खामियाजा नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) एवं सहयोगी भारतीय जनता पार्टी के गठबन्धन को भुगतना पड़ सकता है जिन्हें फिर से जनता का सामना करना है। प्रदर्शनकारियों का तो साफ कहना था कि श्उनकी परीक्षा के बाद 2025 में नीतीश कुमार सरकार की परीक्षा होगी।श इशारा साफ है कि दोनों पार्टियों का मताधार खिसक सकता है। इस प्रदर्शन पर हुई पुलिस कार्रवाई से आंदोलनकारियों के प्रति विभिन्न राजनीतिक दलों में भी नाराजगी हो गयी है। सीपीआई एमएल तो पहले से ही इस आंदोलन का समर्थन कर रहा है। प्रमुख विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता व पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि श्परीक्षार्थियों के साथ जो ज्यादती की गयी है, उसे देखकर कलेजा कांप जाता है।श अन्य विपक्षी दल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी आदि भी नीतीश सरकार पर हमलावर हो गये हैं। यहां तक कि एनडीए में सहयोगी चिराग पासवान ने भी नीतीश सरकार से मांग की है कि छात्रों पर लाठी बरसाने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो। यह मामला नीतीश कुमार पर इसलिये भारी पड़ सकता है क्योंकि रोजगार बिहार का एक प्रमुख मुद्दा बन गया है। जिस तरह से राज्य की इस सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण परीक्षा को सरकार की कार्यपद्धति ने संदिग्ध और अपारदर्शी बना दिया है, उसके कारण युवाओं एवं आम जनता में भारी रोष है। लोगों को अब वे दिन भी याद आ रहे हैं जब जेडीयू एवं आरजेडी की सरकार थी और जिस दौरान बड़ी तादाद में लोगों को रोजगार मिले थे।

# क्षेत्रीय चुनौतियों के बीच संतुलन की जरूरत

के.एस.

भारत को विदेश नीति 2025 में तेजी से बदलते भू–राजनीतिक परिदृश्य के अनुकूल ढालनी होगी। वैश्विक शक्तियां अमेरिका और पड़ोसी राष्ट्र चीन वैश्विक व्यवस्था को आकार दे रहे हैं। फलतरू भारत को ऐसी चुनौतियों का सामना करना होगा, जिनके लिए एक सूक्ष्म दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। नीति को दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों के साथ–साथ तात्कालिक आवश्यकताओं को संतुलित करते हुए भविष्य की दिशा में रूपांतरित करना होगा। भारत की विदेश नीति बीते साल की कई महत्वपूर्ण वैश्विक घटनाओं के चलते आकार ले रही है, जो 2025 की भू–राजनीतिक और वैश्विक केंद्रित नीति की नींव बनाएंगी। निस्संदेह, भारत ने अपनी वैश्विक स्थिति को मजबूत किया है, लेकिन प्रमुख शक्तियों और पड़ोसी देशों के साथ रिश्तों में कुछ चुनौतियां बनी हुई हैं। वर्ष 2025 के लिए भारत की विदेश नीति का सबसे बड़ा चुनौतीपूर्ण मुद्दा चीन होगा। हालांकि, साल के अंत में संवाद स्थापित करने के प्रयास हुए हैं। इसके बावजूद, द्विपक्षीय रिश्तों से जुड़े कई पेंच बाकी हैं।घ्लद्दाख में सीमा विवाद, हिंद महासागर और दक्षिणी चीन सागर में चीन का बढ़ता प्रभाव और बीजिंग की आक्रामक आर्थिक और सैन्य नीतियां भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सीधा खतरा बन सकती हैं। चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव नीति ने पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों के साथ उसकी आर्थिक साझेदारी को गहरा किया है, जिसके कारण भारत को चिंता हो रही है, क्योंकि यह घटनाक्रम दक्षिण एशिया में उसकी स्थिति को रणनीतिक रूप से कमजोर कर सकता है। सीमा मुद्दा अनसुलझा है, हालांकि कूटनीतिक वार्ता जारी है। भारत को इस मामले में अत्यधिक आक्रामक दृष्टिकोण से बचते हुए एक संतुलित रुख अपनाना होगा, ताकि क्षेत्रीय अस्थिरता को रोका जा सके। कूटनीतिक और सैन्य प्रयासों को तनाव कम करने और विश्वास निर्माण उपायों पर केंद्रित किया जाना चाहिए। वहीं भारत को अपने हितों की रक्षा करते हुए दक्षिण चीन सागर, ताइवान जल डमरूमध्य और हिंद महासागर में चीन की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं के दृष्टिगत मजबूती से खड़ा रहना चाहिए। भारत को अपने पड़ोसी देशों के साथ आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करना होगा, ताकि चीन के प्रभाव को संतुलित किया जा सके। भारत के लिए अमेरिका के साथ रिश्ते सकारात्मक दिशा में बढ़ रहे हैं, लेकिन इनमें भी कई समस्याएं बनी हुई हैं। हालांकि, रक्षा और व्यापार के क्षेत्र में सहयोग बढ़ा है, लेकिन कई मोर्चों पर तनाव भी बना हुआ है। अमेरिका की बहुपक्षीयता की नीति, जलवायु परिवर्तन पर उसका दृष्टिकोण, और बौद्धिक संपदा अधिकार एवं व्यापार असंतुलन जैसे मुद्दे अक्सर भारत के लिए मुश्किलें खड़ी करते हैं। भारत की रणनीतिक स्वायत्तता पर जोर अमेरिका के साथ गहरे संबंधों को जटिल बना देता है। इसके अलावा, यूक्रेन युद्ध पर रूस के समर्थन को लेकर अमेरिका की भारत पर बढ़ती दबाव की स्थिति भी रिश्तों में तनाव का कारण है। इन समस्याओं को कूटनीतिक संवाद और बहुपक्षीय सहयोग के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। भारत के अपने पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते कई तरह की चुनौती का सामना कर रहे हैं। एक ओर, भारत भूटान, बांग्लादेश और नेपाल जैसे देशों के साथ आर्थिक और रणनीतिक संबंध बनाए हुए है, वहीं पाकिस्तान के साथ रिश्ते अब भी तनावपूर्ण हैं। कश्मीर विवाद और सीमा पार आतंकवाद के कारण भारत–पाकिस्तान संबंध लगातार प्रभावित होते रहे हैं। नेपाल में चीन का बढ़ता प्रभाव, श्रीलंका के चीन की ओर झुकाव, और पाकिस्तान के साथ अनसुलझे मुद्दे भारत के लिए कठिनाइयां उत्पन्न कर रहे हैं। भारत को अपने पड़ोसी देशों के साथ मजबूत आर्थिक और रणनीतिक संबंध बनाना चाहिए। भूटान, बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग को बढ़ाना चाहिए और चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का मुकाबला वैकल्पिक पहल के माध्यम से करना चाहिए। हमें यूरोप के साथ रिश्ते को मजबूत करना चाहिए। अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी को गहरा करना चाहिए, विशेषकर रक्षा, व्यापार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में। यूरोपीय देशों के साथ भी भारत को सहयोग बढ़ाना चाहिए, खासकर स्वच्छ ऊर्जा, रक्षा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में। भारत को वैश्विक शासन में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। यह कदम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता प्राप्त करने के लिए प्रयास में मदद सकता है। भारत को जलवायु परिवर्तन,



आतंकवाद, और वैश्विक व्यापार सुधार जैसे मुद्दों पर वैश्विक पहल का नेतृत्व करना चाहिए। भारत को अपनी सैन्य क्षमताओं को आधुनिक बनाना चाहिए और महत्वपूर्ण सहयोगियों जैसे अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर खुफिया साझेदारी और आतंकवाद विरोधी उपायों को बढ़ाना चाहिए। पाकिस्तान के साथ भारत का रिश्ता निरंतर तनावपूर्ण रहेगा, खासकर सीमा पार आतंकवाद और पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की बढ़ती धमकी के कारण। भारत को पाकिस्तान से कश्मीर मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान की उम्मीद के साथ, आतंकवाद के खिलाफ अपनी सैन्य और कूटनीतिक तैयारियों को मजबूत करना होगा। भारत को विदेश नीति 2025 में रणनीतिक स्वायत्तता, क्षेत्रीय सहयोग और वैश्विक परिदृश्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। प्रमुख शक्तियों के साथ रिश्ते संतुलित करना, पड़ोसी देशों के साथ सहयोग बढ़ाना, और वैश्विक शासन में सक्रिय भूमिका निभाना भारत को एक प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करेगा। हालांकि चीन और पाकिस्तान के साथ रिश्ते चुनौतीपूर्ण होंगे, फिर भी भारत के पास वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति मजबूत करने के पर्याप्त अवसर हैं।

# जरूरत है मृत्युदंड पर पुनर्विचार की

मदन बी लोकुर

यमन में मृत्युदंड की सजा सुनाई भारतीय महिला को बचाने के यत्नों के दौरान हमें यह सोचना चाहिए कि क्या हम को कठोरतम दंड यानी फांसी की सजा देना जारी रखना चाहिए। निमिशा प्रिया नामक नर्स को हत्या का दोषी पाया गया है। उस पर इल्जाम है कि उसने कथित तौर पर पीड़ित (जो कि उसे जानता था) को जेल में मुलाकात के दौरान नशे का इंजेक्शन लगाया था। उसके मृत्यु दंड को रोकने के प्रयास अब तक विफल रहे हैं। एक अंतिम मौका यही बचा था कि मृतक के परिवार को 'खून की कीमत' की पेशकश करना और माफी मांगना। 'खून–माफी' की यह राशि 40,000 डॉलर (लगभग 34 लाख रुपये) आंकी गई है। यह रकम पूरी तो नहीं लेकिन इसका बड़ा हिस्सा नर्स के परिवार द्वारा एक वकील के पास जमा करवा दिया गया है। ऐसा लगता है कि वित्तीय मुआवजे की पेशकश को मान लिया गया है। अब केवल क्षमा–दान का बेसब्री से इंतजार है। हमारी सरकार परिवार की सहायता के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। पर हम तो हमेशा से यही कहते आए हैं कि 'कानून को अपना काम करने दें', और इस महिला के मामले में भी यही लागू है। तो फिर हमारी सरकार उसकी मौत की सजा टालने के लिए मदद क्यों कर रही है? क्या इसलिए कि सरकार का मानना है कि वह दोषी नहीं है या उसे निष्पक्ष सुनवाई नहीं मिली? क्या इसलिए कि वह एक भारतीय है और सरकार एक भारतीय नागरिक की जान बचाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी? क्या इसलिए कि सरकार को लगता है कि सजा बहुत कठोर है? कारण चाहे जो भी हो, मदद प्रदान करने के लिए सरकार की सराहना की जानी चाहिए। लेकिन इस मामले से सरकार को हमारी कानून की किताबों में मृत्युदंड की आवश्यकता पर विचार करना बनता है। आखिरकार, जब हम किसी व्यक्ति को फांसी देते हैं, तब भी तो हम एक भारतीय नागरिक की जान ले रहे होते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उस भारतीय को हमारे अपने देश में फांसी दी जाए या विदेशी धरती पर। यह भी सच है कि हमारी अदालतें मृत्युदंड देने में सतर्क और बेहद सावधान रहती हैं –वे ऐसा दुर्लभतम मामलों में ही करती हैं। लेकिन क्या अभियोजन पक्ष के लिए मृत्युदंड की मांग करने से बचना उचित नहीं होगा? किसी व्यक्ति को फांसी देने से क्या उद्देश्य पूरा हो जाता है? मृत्युदंड पर चर्चा करने पर सामान्य उत्तर यही आता है कि जघन्यतम अपराधों के विरुद्ध ऐसा एक निवारक डर होना जरूरी है। दुर्भाग्य से, इस तर्क का समर्थन करने के पक्ष में कोई सुबूत नहीं है। अमेरिका में मृत्युदंड की सजा सुनाए गए लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है, उनमें से बहुत बड़ी संख्या का मृत्युदंड क्रियान्वित किया भी जाता है। लेकिन क्या इससे वहां के स्कूलों में हत्या करने या सामूहिक गोलीबारी करने या हाल ही में न्यू ऑरलियन्स में हुए नरसंहार जैसे अपराध होना रुक गए? दूसरी ओर, ऐसा लगता है कि जिन मुल्कों में मृत्युदंड का प्रावधान हटाया गया है, वहां जघन्य अपराधों के मामलों में वृद्धि नहीं हुई है। फ्रांस ने 1981 में यह विकल्प चुना था, चार दशक से अधिक समय बीतने के बाद, इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि वहां जघन्य जुर्म की संख्या बढ़ी है। जिम्बाब्वे, जिसने पिछले साल दिसंबर में मृत्युदंड पर रोक लगाने के लिए संयुक्त राष्ट्र में पेश हुए प्रस्ताव पर मतदान में अनुपस्थिति दर्ज करवाई थी, ने भी मृत्युदंड को समाप्त कर दिया है। अब देखना यह है कि इस निर्णय का प्रभाव क्या रहेगा। हमारे देश में प्रति वर्ष बलात्कार और हत्या के हजारों मामले दर्ज किए जाते हैं। हमारे यहां आतंकवादी हमलों के भी अनेक मामले हैं। मेरा मानना है कि जघन्य अपराधों से जुड़े इन तमाम मामलों में यदि जांच प्रक्रिया तेजी से पूरी कर ली जाए और एक साल के अंदर मुकदमे की सुनवाई पूरी हो जाए, तो काफी हद तक न्याय मिल जाएगा। इसके वास्ते, जहां हमारी पुलिस को अपराधों की जांच करने के लिए उच्च प्रशिक्षित होने की जरूरत है वहीं हमारे अभियोजन पक्ष और अभियोजकों को भी ठोस और वैज्ञानिक सुबूतों से पूरी तरह लैस होना होगा। हाल ही में एक अखबार में छपी एक खबर के अनुसार एक मामले में 49 में से 48 गवाह मुकर गए। यह हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली के बारे में क्या बताता है? सिर्फ इतना कि इसमें बड़े पैमाने पर बदलाव की जरूरत है। लेकिन, हो यह रहा है कि हमारे यहां व्यवस्था को सुधारने के बजाय सबसे कठोरतम सजा यानी मृत्युदंड और ज्यादा देने की मांग की जा रही है। इससे व्यवस्था को सुधारने में मदद नहीं मिलेगी। देश भर की अदालतों को आपराधिक मामलों में सुनवाई और अपीलों के निपटारे में तेजी लाने की जरूरत है ताकि फैसले पर जल्दी पहुंचा जा सके। तभी जघन्य या अन्य अपराध करने वालों को यह संदेश मिलेगा कि उन्हें सजा जल्द मिल जाएगी और जेल काटनी पड़ेगी। कुछ अदालतों ने यह विचार करना शुरू कर दिया है कि जरूरी नहीं किसी व्यक्ति को फांसी पर लटकाना सबसे अच्छा समाधान है। हाल के दिनों में ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें अदालतों ने मौत की सजा सुनाने की बजाय दोषी को 20–25 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कुछ मामलों में, बिना किसी राहत के इतनी लंबी जेलबंदी की सजा दी गई है। कुछ केस ऐसे भी रहे, जिनमें दोषी को आजीवन कैद की सजा सुनाई गई है। क्या यह तरीका मौत की सजा जितना कठोर या उससे बढ़िया नहीं? कई देश ऐसा सोचने लगे हैं। मत भूलें कि अबू सलेम को पुर्तगाल से इस शर्त पर प्रत्यर्पित किया गया था कि भारत में उसे मृत्युदंड नहीं दिया जाएगा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि मृत्युदंड का उन्मूलन एक बहुत ही विवादास्पद और पेचीदा विषय है, खासकर बलात्कार, हत्या, बच्चों के यौन शोषण और आतंकी हमलों जैसे जघन्यतम मामलों में। फिर भी, हमें इस विषय पर विस्तार से चर्चा करने और किसी तरह की नीति या आम सहमति बनाने की आवश्यकता है, अन्यथा, मृत्युदंड एक जुए का खेल बनकर रह जाएगा। इस बीच, आइए यमन की महिला के लिए प्रार्थना करें।

# दिल्ली चुनाव में स्मृति ईरानी को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने को लेकर

गोतम

दिल्ली में 2014 में नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से लोकप्रिय चेहरा रहीं स्मृति ईरानी, घ्लोकसभा चुनाव हारने के बाद से ही गायब हैं। उन्हें किशोरी लाल शर्मा ने हराया था, जो नेहरू–गांधी परिवार के पर्दे के पीछे के मैनेजर हुआ करते थे। लंबे समय से लाइमलाइट से दूर रहने वाली अभिनेत्री से नेता बनीं स्मृति ईरानी जाहिर तौर पर पुनर्वास के लिए बेताब हैं। दिल्ली में चुनाव होने वाले हैं, ऐसे में उन्हें मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाए जाने की चर्चा जोरों पर है। अरविंद केजरीवाल से मुकाबला करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के पास कोई विश्वसनीय चेहरा नहीं है। आम आदमी पार्टी के मुखिया भाजपा की इस कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। वह भाजपा पर दिल्ली के लिए कोई चेहरा, कोई एजेंडा और कोई विजन न होने का आरोप लगाते रहे हैं। हालांकि, भाजपा नेतृत्व दुविधा में है। हालांकि ईरानी केजरीवाल के लिए एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी हो सकती हैं, लेकिन कई लोगों को डर है कि उन्हें सीएम का चेहरा घोषित करना उल्टा पड़ सकता है दिल्ली में भाजपा ने सभी सातों लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की है और पार्टी नेताओं का कहना है कि जीतने वाले कई उम्मीदवार शीर्ष पद पर नजर गड़ाए हुए हैं। हालांकि, ईरानी इतनी उत्सुक हैं कि वह विधानसभा चुनाव लड़ने का जोखिम भी उठाने को तैयार हैं। नाटक करने पर इन्फ्लुएंसर वोह विक्की को कड़ी आलोचना जबकि बिहार में छात्र राज्य लोक सेवा आयोग के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं और सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहे हैं, वहीं विपक्षी नेता उन्हें लुभाने की होड़ में लगे हैं और इस प्रक्रिया में आलोचना का सामना कर रहे हैं। जब पुलिस ने छात्रों के एक प्रदर्शन पर लाठीचार्ज किया और पानी की बौछारें कीं, तो राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव को प्रदर्शनकारियों में शामिल होने के बजाय ठंडी शाम को अपने आवास पर आरामदेह सोफे से वीडियो संदेश देने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर की पुलिस द्वारा बल प्रयोग करने की योजना की भनक लगने पर आंदोलनकारियों को मझधार में छोड़ देने के लिए कड़ी आलोचना की गई। वामपंथी दलों से जुड़े छात्र संगठनों की आलोचना इस बात के लिए की गई कि उन्होंने प्रदर्शनकारी युवाओं के साथ एकजुटता दिखाने की कोशिश कर रहे गैर–वामपंथी नेताओं के कदमों को विफल कर दिया। पप्पू यादव पर विरोध प्रदर्शनों को हाईजैक करने और एक–दूसरे पर हावी होने की कोशिश करने का आरोप लगाया गया। कांग्रेस पर आंदोलनकारियों के पक्ष में इतनी दूर से शोर मचाने का आरोप लगाया गया कि वह बमुश्किल सुनाई दे रहा था। आंदोलन में शामिल एक उम्मीदवार ने कहा, ष्वे सभी इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों के बारे में सोच रहे हैं और युवाओं के बीच जल रही इस आग में अपनी रोटी सेंकने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने नए साल पर मीडिया से बातचीत करते हुए प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से आग्रह किया कि वे अतीत की नकारात्मक बातों पर ध्यान देने के बजाय राज्य में हो रहे सकारात्मक बदलावों पर विचार करें। उन्होंने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर भी सवाल उठाए। कुछ पत्रकारों को लगा कि सरमा का यह उपदेश वरिष्ठ पत्रकार नितुमोनी सैकिया की किताब, बीजेपीके कियो वोट निदिबो? (आप बीजेपी को अपना वोट क्यों नहीं देंगे?) के विमोचन से प्रेरित हो सकता है। राज्य के एक प्रभावशाली मीडिया दिग्गज जयंत बरुआ ने पुस्तक का विमोचन करते हुए मौजूदा सरकार की कमियों को स्पष्ट किया, जबकि 2016 में कई लोगों ने भाजपा का समर्थन किया था। उन्होंने बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के बजाय फ्लाईओवर बनाने पर सरकार के ध्यान की आलोचना की और कहा कि इसने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को कैसे "नष्ट" कर दिया है। ।सेव त्मंक – मैं छल संकल्पों में क्यों विश्वास नहीं करता३ और क्यों, अगर मुझे 'सम्मान' की पेशकश की जाए, तो मैं मना कर दूँगा नए साल की पूर्व संध्या पर, असम पीसीसी अध्यक्ष ने बहस में अपना योगदान दिया। पुस्तक पर विस्तार से बात करते हुए, भूपेन कुमार बोरा ने सत्तारूढ़ भाजपा के प्रति राज्य के बुद्धिजीवियों की मानसिकता में बदलाव देखा। "अगर सोचने वाले वर्ग को यह समझने में आठ साल लग गए कि किसी को भाजपा को वोट क्यों नहीं देना चाहिए, तो आम जनता को यह एहसास होने में दस साल लग सकते हैं। यह एक अच्छा संकेत है," बोरा ने इसे और भी उलझा दिया। सरमा के संदेश का विश्लेषण करते हुए एक पत्रकार ने कहा कि मीडिया का काम जवाबदेही पर जोर देना है। बाकी सब जनसंपर्क है। बदला सुर बीजू जनता दल की करारी हार के बाद, ओडिशा में 24 साल तक लगातार शासन करने वाले पूर्व सीएम नवीन पटनायक भी पेपर बैलेट के जरिए चुनाव कराने के विपक्ष के सुर में सुर मिला रहे हैं। बीजेडी के स्थापना दिवस पर पटनायक ने कहा कि उनकी पार्टी पेपर बैलेट के जरिए चुनाव कराने के पक्ष में है। हालांकि, उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की प्रभावशीलता पर सीधे सवाल उठाने से परहेज किया। इससे पहले, 23 दिसंबर, 2024 को, बीजेडी ने भारत के चुनाव आयोग को एक ज्ञापन सौंपा था, जिसमें मतदान के दिन के आंकड़ों और अंतिम ईवीएम गणना के बीच महत्वपूर्ण असमानताओं को उजागर किया गया था, जिसमें 2024 में राज्य में एक साथ होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में 15ः से 30ः तक का अंतर था। पार्टी ने कहा, ष्ये भिन्नताएं पूरी प्रक्रिया की अखंडता पर सवाल उठाती हैं।ष

# अपहरण का नाटक करने पर इन्फ्लुएंसर को कड़ी आलोचना

सोनम

बातचीत के दौरान बोले गए मूर्खतापूर्ण शब्द भले ही भुला दिए जाएं, लेकिन इंटरनेट हमेशा ऑनलाइन की गई मूर्खतापूर्ण बातों का सबूत देता है। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, वोह विक्की ने नाइजीरिया में छुट्टी के दौरान अपहरण किए जाने का नाटक करके अपने अनुयायियों को डरा दिया। जब नाइजीरियाई लोगों के खिलाफ नकारात्मक रूढ़ियों को बढ़ावा देने के लिए उनकी आलोचना की गई, तो उन्होंने तुरंत माफी मांग ली। हालाँकि, उनकी माफी के बावजूद, उनके वीडियो द्वारा बनाई गई झूठी संगति कुछ लोगों के दिमाग में बनी रह सकती है। इसलिए यह जरूरी है कि लोग, खासकर जिनके बहुत सारे फॉलोअर हैं, इंटरनेट का जिम्मेदारी से इस्तेमाल करना सीखें। उम्मीदवार बनाने को लेकर ठश्रच असमंजस में महोदय कृ केरल में जन्मी नर्स, निमिशा प्रिया को यमन में विद्रोही हौथिस की सर्वोच्च राजनीतिक परिषद के अध्यक्ष ने 2017 में अपने अपमानजनक नियोक्ता की कथित हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई है। यह जबरन मजदूरी का एक क्लासिक मामला है कृ प्रिया देश छोड़ने की कोशिश कर रही थी, लेकिन उसके यात्रा दस्तावेज और पासपोर्ट नियोक्ता ने रोक लिए थे। अपने पासपोर्ट सहित दस्तावेज वापस पाने की अपनी हताशा में, उसने नियोक्ता को बेहोशी की दवा दे दी, जिसके परिणामस्वरूप उसे ओवरडोज हो गया। घबराहट में उसने शव के टुकड़े–टुकड़े करके पानी की टंकी में फेंक दिया। विदेश मंत्रालय को इस मामले को संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाना चाहिए। व्यवहार




गोपालस्वामी जे., चेन्नई महोदय कृ ऐसी खबरें हैं कि यमन में भारतीयों के साथ उनके प्रायोजकों द्वारा दुर्व्यवहार किया जा रहा है, जो उन्हें देश छोड़ने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं। निमिषा प्रिया के साथ भी ऐसा ही हुआ, जब उसने क्लीनिक खोलने के लिए एक यमन नागरिक की मदद ली। वह उसे ब्लैकमेल करने लगा और उसके साथ दुर्व्यवहार करने लगा, जिससे हताश होकर उसने गलती से उसे मार डाला। भारत सरकार को उसे मृत्युदंड से बचाना चाहिए, यदि आवश्यक हो तो मृतक के परिवार को वित्तीय मुआवजा देना चाहिए। रामदास, विशाखापत्तनम समर्थक रुख महोदय कृ संयुक्त राज्य अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एच–1बी वीजा योजना का समर्थन किया है, जो सैकड़ों कुशल भारतीय अप्रवासियों को राहत प्रदान करेगी ("ईजी बैट", 2 जनवरी)। हालाँकि, ट्रम्प अक्सर नीतिगत पदों पर डगमगाते रहते हैं। रिपब्लिकन पार्टी में विरोधी आवाजें उन्हें अंततः अपना रुख बदलने पर मजबूर कर सकती हैं। बाल गोविंद, नोएडा खतरनाक जगह महोदय कृ साइबर अपराधी आमतौर पर वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाते हैं ("जोखिम प्रूफिंग", 1 जनवरी)। इन अपराधियों के पास अक्सर बैंकों में संपर्क होते हैं जो उन्हें कमजोर उम्मीदवारों के बारे में जानकारी देते हैं। अगर मुझे 'सम्मान' की पेशकश की जाए, तो मैं मना कर दूँगा संजीत घटक, कलकत्ता महोदय कृ 21वीं सदी की डिजिटल क्रांति ने जागरूकता और सुरक्षा प्रोटोकॉल की कमी के कारण कई खतरों को आमंत्रित किया है। यह अनुमान लगाया गया है कि भारत में साइबर धोखाधड़ी के कारण औसत दैनिक वित्तीय नुकसान लगभग 60 करोड़ रुपये है। बड़ी संख्या में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के साथ, भारत ऐसे अपराधों के लिए अत्यधिक संवेदनशील है। बुडापेस्ट कन्वेंशन और आवधिक जागरूकता अभियानों के साथ मजबूत कानूनी सुरक्षा उपायों के साथ साइबर धोखाधड़ी से संबंधित वित्तीय खतरों का मुकाबला करने के लिए एक राज्य प्रायोजित साइबर बीमा पॉलिसी आवश्यक है। प्रसून कुमार दत्ता, पश्चिम मिदनापुर महोदय कृ साइबर धोखाधड़ी का पता लगाने और उसे रोकने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और ब्लॉकचेन जैसी तकनीक महत्वपूर्ण है। बैंकों को मल्टी–फैक्टर ऑथेंटिकेशन, डेटा एन्क्रिप्शन और पारदर्शी प्रथाओं को अपनाना चाहिए। फिशिंग और मैलवेयर जैसे साइबर खतरों के बारे में ग्राहकों को शिक्षित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। बैंकों, विनियामकों और तकनीकी फर्मों के बीच सहयोग वित्तीय लेनदेन करने के लिए एक भरोसेमंद डिजिटल वातावरण सुनिश्चित करने की कुंजी है। तभी डिजिटल इंडिया का सपना सच में साकार हो सकता है।

# यूको बैंक की विकास यात्रा बहुमूल्य ग्राहकों एवं स्टेक होल्डर्स के सहयोग से ही संभव हुई : आशुतोष सिंह



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। यूको बैंक का 83 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लाय से मनाया गया। यूको बैंक का 83 वां स्थ्थापना दिवस राष्ट्र के विश्वास के नाम समर्पित है। लखनऊ अंचल की सभी शाखाओं एवं अंचल कार्यालय में बैंक के 83 वें स्थापना दिवस के अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, ग्राहक गोष्ठी, स्टाफ सदस्यों के लिए जी०डी०बिड़ला क्रिकेट मैच आदि का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बैंक के सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्यों को अंचल कार्यालय एवं शाखाओं में आमंत्रित किया गया। अंचल कार्यालय में सेवानिवृत्त महाप्रबंधक नरेश कुमार एवं महाप्रबंधक विजय कुमार कार्यक्रम में उपस्थित थे। उन्होंने अंचल प्रमुख आशुतोष सिंह एवं उप अंचल प्रमुख निकीता पाण्डेय के साथ बैंक के स्थापना दिवस पर केक काटा और स्टाफ सदस्यों को संबोधित किया।

अंचल प्रमुख आशुतोष सिंह ने कहा कि हमारे बैंक की यह विकास यात्रा हमारे बहुमूय ग्राहकों एवं स्टेक होल्डर्स के सहयोग से ही संभव हुई है। हम अपने ग्राहकों और स्टेक हाल्डर्स का तहे दिल से धन्यवाद देते हैं और आशा करते हैं कि वे हमें हमेशा की तरह अपना सहयोग प्रदान करते रहेंगे। उनकी प्रेरणा से ही हम निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होते हुए अपनी ग्राहक सेवा को उत्कृष्टता प्रदान करेंगे।

डॉ रेड्डी फाउंडेशन के सहयोग से अंचल कार्यालय में एक वेलनेस सत्र का आयोजन किया गया जिसमें डॉ० अमित कुमार सिंह ने स्टाफ सदस्यों को पीपीटी के माध्यम से किडनी से संबंधित बीमारियों के कारणों एवं उसकी रोकथाम के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों की शंकाओं का समाधान करते हुए सभी प्रश्ध्नों का उत्तर भी दिया।

बैंक के स्थापना दिवस के अवसर पर यूको बैंक अंचल कार्यालय, गोमतीनगर, आई.टी.कालेज, हजरतगंज एवं भटगांव शाखा में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। जिसमें बैंक के स्टाफ एवं ग्राहकों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वाह करते हुए जरूरतमंदों को कंबलों का वितरण भी किया गया।

अंचल कार्यालय के कार्यपालक अधिकारियों द्वारा शाखा का दौरा भी किया गया।

# हिन्दुस्तान समाचार आज 15 भाषाओं में दे रही सेवा : अरविन्द मार्डीकर



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

प्रयागराज,जौनपुर। महाकुम्भ मेला के परेड में रविवार की सायं हिन्दुस्थान समाचार कैम्प कार्यालय का भूमि पूजन एवं उद्घाटन पूरे विधि विधान से हुआ। इस अवसर पर हिन्दुस्थान समाचार समूह के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविन्द भालचंद मार्डीकर ने कहा कि यह न्यूज एजेंसी सन् 1948 से स्थापित है। पहले यह 12 भाषाओं में थी। आज कुल 15 भाषाओं हम समाचार दे रहे हैं। भूमि पूजन के उपरान्त अध्यक्ष ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि आज मैं तीर्थराज प्रयाग आया और शंकराचार्य की उपस्थिति में एक सुंदर पारिवारिक कार्यक्रम हुआ। उन्होंने बताया कि 15 नवम्बर को मलयालम, 12 दिसम्बर को तमिल एवं 25 दिसम्बर को देववाणी संस्कृत भाषा जुड़ गयी है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रतिनिधि यहां के पल–पल की खबरें देते रहेंगे। हमारे जो उपभोक्ता हैं उन्हें तो खबरें मिलेगी, साथ में महाकुम्भ की खबरें पूरे देश में प्रचारित–प्रसारित होती रहेगी। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि हमारी टीम पूरे मनोयोग से अपने दायित्वों का निर्वहन करेगी। गोवर्धन मठ पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ महाराज ने कहा कि हिन्दुस्थान समाचार बहुभाषीय न्यूज एजेंसी की उपस्थिति एवं स्वीकार्यता भारत के कोने–कोने एवं छोटे–छोटे राज्यों में भी एजेंसी की सेवा सभी को स्वीकार्य है। आम आदमी की भावनाओं को समझ रही है और उसे आम जनमानस तक पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि अखण्ड भारत के देशों में मैंने भ्रमण किया, वहां भी इसकी सेवा कई जगहों पर मिली। अब कुम्भ में सबसे बड़ा समागम हो रहा है। जो 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगा। इसमें दुनिया भर के सनातनी आयेंगे और विभिन्न प्रकार के वैदिक, सनातन, संत समागम होगा। हिन्दुस्थान समाचार का यहां शुभारम्भ हो रहा है। इनके पत्रकार यहां के साधू–संतों, धर्म गुरूओं के विचारों को पूरी दुनिया में पहुंचायेंगे। विशिष्ट अतिथि राज्य सूचना आयुक्त पी एन द्विवेदी ने कहा कि मैं तो हिन्दुस्थान समाचार का अंग रहा हूं और आज भी अपने का सदस्य मानता हूं। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्थान समाचार समूह के अध्यक्ष अरविन्द भालचंद मार्डीकर ने बताया कि पहले यह एजेंसी 12 भाषाओं में थी और अब संस्कृत, तमिल एवं मलयालम को मिलाकर 15 भाषाओं में हो गयी है, जो पूरे देश में प्रसारण करेगा और पूरी दुनिया में जायेगा। उन्होंने कुम्भ के बारे में कहा कि समुद्र मंथन तो सभी जानते हैं। जिसमें अमृत कलश निकला था। वही अमृत कलश तीर्थराज प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन व नासिक में छलका था। जहां हर 12 वर्ष में कुम्भ मनाया जाता है। फिलहाल प्रयाग में बिना आमंत्रण के पूरी दुनिया के श्रद्धालु डुबकी लगाने आते हैं और चले जाते हैं। ऐसी है हमारे तीर्थराज प्रयाग की महिमा है। इस अवसर पर आरएसएस के क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष, सुप्रसिद्ध गायक मनोज कुमार गुप्ता, डा. विवेक निगम, न्यूज एजेंसी के राष्ट्रीय समन्वयक राजेश तिवारी, शिव गोपाल, रीतेश, डा. रणजीत सहित सैकड़ें लोग उपस्थित रहे।

# गोमती नदी में अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर,। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्रके विझवार सारंग गांव में सोमवार को गोमती नदी मेंअज्ञात शव देख ग्रामीणों ने गौराबादशाहपुर पुलिस को सूचना दिए।शव मिलने की सूचना पर थाना प्रभारी गौराबादशाहपुर फूलचंद



पाण्डेय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच शव को नदी में से निकलवाकर कर शव की शिनाख्त कराने का घंटों प्रयास किया।शव की शिनाख्त न होने पर मोर्चरी हाउस भेज दिया गया है। इस मामले में जानकारी लेने पर थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर फूलचंद पाण्डेय ने बताया की शव तीन से चार दिन पुराना लग रहा है शव का शिनाख्त करने का प्रयास किया गया लेकिन सफलता न मिलने से शव की शिनाख्त को 36 घंटे के लिए मोर्चरी हाउस में भेज दिया गया है।उसके बाद शव को पी एम हाउस के लिए भेज दिया जाएगा।लगभग 40 वर्षीय युवक का शव प्रतीत हो रहा है।विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# नदी के घाट पर किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ तथा पॉलिथीन का प्रयोग न करें : जिलाधिकारी

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा रविवार रात गोमती घाट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने घाट पर गुटखा बेचने वाले दुकानदारों का गुटखा जब्त कराते हुए उसे नष्ट



कराया तथा उन दुकानदारों को जब्त गुटखा की कीमत की धनराशि देते हुए कहा कि इस धनराशि से वे कोई अन्य खाद्य सामग्री बेचे तथा पावन गोमती नदी की पवित्रता को बनाएं रखें। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी से अपील किया कि नदी के घाट पर किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ तथा पॉलिथीन का प्रयोग न करें तथा घाट को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि घाट पर मादक पदार्थों का प्रयोग करने वालों पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इसके पश्चात उन्होंने गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण भी किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर सहित स्थानीय निवासी तथा अन्य उपस्थित रहे।

# गरीबों की सेवा ईश्वर की पूजा से कम नहीं : पवन कुमार सिंह




ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। ठंड के मौसम में कंबल वितरण का कार्य महान जन सेवा का कार्य है। उक्त विचार आयुष जन सेवा संस्थान भरतपुर, सिकरारा द्वारा स्मृतिशेष अभिशेष यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित कंबल वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी सदर पवन कुमार सिंह ने व्यक्त किया।उन्होंने आगे कहा कि गरीबों की सेवा ईश्वर की पूजा से कम नहीं है। डॉ. आशीष यादव एवं विवेक कुमार के संयोजन से कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर जो मुस्कान दिख रही है निश्चित ही स्मृतिशेष की आत्मा को महान संतुष्टि मिलती होगी। विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् डॉ. ब्रजेश कुमार यदुवंशी ने कहा कि भीषण ठंड व ठिठुरन में कांपते हुए जरूरतमंदों को कंबल वितरित करके इस संस्थान ने जो सेवा की है वह मानवता की एक बहुत बड़ी मिसाल है। डॉ.यदुवंशी ने आगे कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। कंबल वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तहसीलदार सदर सौरभ कुमार ने कृषि संबंधित जानकारी उपस्थित लोगों को प्रदान की। कार्यक्रम को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव, नायब तहसीलदार संदीप गुप्ता, लल्लन उपाध्याय, आदि ने संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन सभाजीत द्विवेदी प्रखर ने किया। आयुष जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ आशीष यादव ने आये हुए अतिथियों का स्वागत एवं निदेशक विवेक कुमार यादव ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अमर शिवांशु सिंह भोलू, केशजीत यादव, राजेश यादव,ब्लॉक प्रमुख मनोज यादव, संदीप यादव,लाल चंद्र प्रजापति,रमेश यादव प्रधान, कुंवर ज्योतिरादित्य, आदि लोग मौजूद रहे।

# कोच पूनम तिवारी के नेतृत्व में हरियाणा की धरती पर यूपी का शानदार प्रदर्शन

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना)

34वी नेशनल स्ट्रेंथलिफ्टिंग एंड इंक्लाइन बेंच प्रेस चौंपियनशिप 2024–2025 सब जूनियर, जूनियर, सीनियर, मास्टर, दिव्यांग (महिला और पुरुष) का आयोजन 1 से 6 जनवरी को हरियाणा के लोहारू में आयोजित हुई। कोच पूनम तिवारी के नेतृत्व में यूपी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग में एक गोल्ड 03 रजत पदक और 02 ब्रॉन्ज पदक जीते। पुरुष वर्ग में 04 गोल्ड 02 रजत और 03 कांस्य पदक प्राप्त किए। महिला वर्ग में सब जूनियर वर्ग में (स्ट्रेंथलिफ्टिंग में) 52 भार वर्ग में अंजलि कन्नौजिया– रजत पदक, प्रिया गुप्ता 71भार वर्ग में



रजत पदक प्राप्त किया। इन्क्लाइन बेंच प्रेस में प्रिया गुप्ता 71 भार वर्ग में कांस्य पदक, सीनियर वर्ग में पारुल सिंह यादव ने कांस्य पदक जीता। पुरुष वर्ग में मास्टर वर्ग 95 किग्रा स्ट्रेंथलिफ्टिंग ऍंड इन्क्लाइन बेंच प्रेस में रजत सिंह राठौर स्वर्ण पदक, प्रणव मिश्रा 115 भार वर्ग में स्वर्ण पदक एवं कांस्य पदक मास्टर वर्ग। विजेता खिलाड़ियों का शंकर व्यायाम शाला में भव्य स्वागत किया गया।

# एयरटेल ने महाकुंभ आरम्भ होने से पहले प्रयागराज में किया नेटवर्क कवरेज विस्तार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ।जैसे–जैसे लाखों श्रद्धालु और भक्त महाकुंभ के लिए प्रयागराज में एकत्रित हो रहे हैं, एयरटेल ने अपने ग्राहकों के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किए हैं। एयरटेल ने शहर में 287 नई साइट्स स्थापित की हैं। 340 से अधिक मौजूदा साइट्स को ऑप्टिमाइज किया है और मोबाइल कवरेज को बढ़ाने के लिए 74 किलोमीटर से अधिक अतिरिक्त फाइबर बिछाया है। कई किलोमीटर के क्षेत्र में विस्तारित कुंभ मेला क्षेत्र में एयरटेल ने 78 सक्रिय सेल ऑन व्हील्स (सीओडब्लू) तैनात किए हैं। यह सभी उपाय मेला क्षेत्र के अलावा राजमार्गों, रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डे, होटलों और प्रयागराज के प्रमुख क्षेत्रों में भी कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेंगे। किसी भी नेटवर्क से संबधित आपातकालीन स्थिति के लिए त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए एयरटेल ने झूसी, अरैल और संगम क्षेत्रों में 3 वॉर रूम स्थापित कर रहें हैं। एक समर्पित आपदा प्रबंधन टीम का गठन किया गया है, जो अतिरिक्त जनरेटर, डीजल और महत्वपूर्ण उपकरणों से लैस है, ताकि नेटवर्क संबंधित किसी भी स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त, प्रयागराज ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से एयरटेल ने महाकुंभ मेला स्थल के प्रवेश और निकासी बिंदुओं पर 780 से अधिक पोल कियोस्क स्थापित किए हैं, जो बड़ी भीड़ को प्रभावी तरीके से प्रबंधित करने और श्रद्धालुओं की मदद करने के लिए कार्य करेंगे। ये कियोस्क महत्वपूर्ण सुरक्षा निर्देश प्रदर्शित करेंगे, ताकि लाखों लोगों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित हो सके।

# भारतीय वैश्य महासभा के पदाधिकारियों ने कमिश्नर से मिलकर पीड़ित मनीषा को न्याय दिलाने की मांग

अयोध्या। अयोध्या धाम के सप्त सागर में मनीषा गुप्ता का मकान गिराए जाने का मामला खत्म होने नाम नही ले रहा है।इस मामले में फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद,पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन सहित अन्य संगठनों के लोगों ने अधिकारियों से भेंट कर पीड़िता को न्याय दिलाने की बात कही थी।उसी कड़ी में आगरा से भारतीय वैश्य महासभा के पदाधिकारियो ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल के नेतृत्व में कमिश्नर गौरव दयाल से मिले। उन्होंने कमिश्नर गौरव दयाल से मांग किया कि पीड़िता मनीषा गुप्ता को उचित मुआवजा दिया जाये।बताते चले कि अयोध्या धाम के सप्त सागर में बिना नोटिस के विकास प्राधिकरण ने मनीषा गुप्ता का निर्माणाधीन मकान गिरा दिया।जबकि पीड़ित पक्ष के मुताबिक जमीन की खारिज दाखिल भी थी।जिसे विकास प्राधिकरण से नक्शा भी पास किया था लेकिन बिना नोटिस के प्राधिकरण ने सरकारी जमीन बता कर उसके घर को गिरा दिया गया।

# ढाई साल पहले कागजों में हुई थी पहल, अब जगी उम्मीदय खलीलाबाद- धनघटा चौड़ीकरण का सर्वे पूरा

गोरखपुर, (संवाददाता)। खलीलाबाद– धनघटा– न्योरी मार्ग के चौड़ीकरण की उम्मीद जग गई है। इस मार्ग के सर्वे का कार्य पूरा हो गया है। अब डीपीआर बनाकर शासन को भेजने की तैयारी हो रही है। इस सड़क के बनने से अंबेडकरनगर, आजमगढ़ और प्रयागराज का सफर आसान हो जाएगा। साथ ही इस मार्ग पर पड़ने वाले प्रमुख चौराहों को विकास होगा, जिससे लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। खलीलाबाद से धनघटा होते हुए आंबेडकर नगर के न्योरी तक सड़क चौड़ीकरण की घोषणा दो साल पहले केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने की थी। इसके लिए डीपीआर तैयार करने के लिए दो एजेंसियों को लगाया गया, लेकिन आपसी खींचतान में डीपीआर समय से तैयार नहीं हो सका। बाद में इस मामले में डीएम के हस्तक्षेप के बाद नए सिरे से सर्वे का कराया गया। अब सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है। एनएचएआई डीपीआर तैयार कर शासन को भेजने की तैयारी में हैं। यह सड़क करीब 14 मीटर चौड़ी होगी। इससे वाहन फर्राटा भर सकेंगे। खलीलाबाद– धनघटा– न्योरी मार्ग के चौड़ीकरण के साथ ही धनघटा में फ्लाईओवर बनाने




की भी तैयारी है। इससे रामजानकी मार्ग से होकर आने– जाने लोगों को लाभ मिलेगा। साथ ही चौराहे पर लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही सड़क के किनारे के प्रमुख चौराहों का भी विकास होगा। इससे व्यवसायिक गतिविधियां बढ़ेगी। इसमें पायलपार, नौरंगिया, विश्वनाथपुर, नाथनगर आदि चौराहे शामिल हैं। भगता निवासी रामानुज, नौरंगिया निवासी सुरेंद्र यादव आदि ने कहा कि सड़क के चौड़ीकरण से विकास की गति तेज होने की उम्मीद है। खलीलाबाद–धनघटा मार्ग के चौड़ीकरण के साथ ही खलीलाबाद में दो स्थानों पर बाईपास प्रस्तावित है। इनमें बालूशासन से जोरवा होते हुए एकमा, दुधरा, चकदही के रिंग रोड को शासन की मंजूरी मिल गईहै। इसके साथ ही मंझरिया से कटबंध, नहसापार होकर भी रिंग रोड बनाया जाना प्रस्तावित है। इसके बनने से वाहन फर्राटा भर सकेंगे। यातायात में वृद्धि होने पर अतिरिक्त सेतु का निर्माण कराए जाने का भी प्रस्ताव तैयार कर मंत्रालय को भेजे जाने की तैयारी है। न्योरी मार्ग के चौड़ीकरण कराया जाना है। इसके लिए सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है। जल्द ही डीपीआर बनाकर शासन को भेजे जाने की तैयारी चल रही है।

# पुलिस अधीक्षक ने सब इंस्पेक्टर सहित 04 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) एसपी नीरज कुमार जादौन ने सोमवार को कछौना में एक सब इंस्पेक्टर सहित 04 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। उन्होंने बताया कि गत रात्रि में थाना कछौना क्षेत्रांतर्गत अल्फा टीम में नियुक्त सब इंस्पेक्टर जयप्रकाश यादव व आरक्षी हिमांशू तथा कस्बा चौराहा पर तैनात मुख्य आरक्षी जयप्रकाश यादव व आरक्षी विवेक द्वारा थानाक्षेत्र कछौना में प्रभावी गस्त व संदिग्ध व्यक्तियों की चेंकिग न कर ड्यूटी में लापरवाही एवं शिथिलता बरती गयी। जिस कारण थाना कछौना क्षेत्रांतर्गत ज्वेलर्स की दुकान में चोरी की घटना होने पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अधीक्षक, जनपद हरदोई द्वारा उ0नि0 जयप्रकाश यादव, आरक्षी हिमांशू, मुख्य आरक्षी जयप्रकाश यादव व आरक्षी विवेक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इस संबंध में प्रारंभिक जांच अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी जनपद हरदोई को इस निर्देश के साथ दी गई है कि 07 दिवस में जांच पूर्ण कर आख्या प्रेषित करें।



# अवैध बालू खनन मे राजस्व, पुलिस व खनन विभाग की कार्यावाही मे चार जेसीबी,तीन डंपर व ट्रक सीज

(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ)

अयोध्या।अयोध्या में अवैध बालू खनन जिले के अधिकतर थाना क्षेत्रों मे हो रही है। जब कोई मामला सामने आ जाता है तो संबंधित विभाग उन पर कार्यवाई करता है। इसी तरह की कार्यवाई राजस्व, पुलिस व खनन विभाग की टीम ने संयुक्त रुप से किया हैं।बताते चले कि राजस्व, पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त कार्रवाई आधी रात की गई तो माफिया अपने वाहनों सहित भाग नहीं सके। आधी रात में हुई कार्रवाई डीएम चन्द्र विजय सिंह के निर्देश पर की गई।एसडीएम सदर विकास धर दुबे ने सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी व खनन विभाग की टीम के साथ यह छापे की कार्यवाही किया।तिहुरा मांझा में चल रहे अवैध बालू खनन पर हुई छापेमारी में 4 जेसीबी, 3 डंपर 1 ट्रक सीज कर दिया गया है।सरयू के किनारे चल रहे इस खनन से प्रतिमाह राजस्व को करोड़ों का चूना लगाया जा रहा था।सूत्रों के मुताबिक घने कोहरे का फायदा उठाकर माफिया रोज शाम होते ही इस धंधे में जुट जाते थे। सैंकड़ों ट्रक लगाकर पूरी रात खनन की जा रही थी। पहले भी इस तरह की कार्यवाही के बाद माफिया कुछ दिन खनन रोक कर फिर इस धंधे में जुट जाते थे। फिलहाल सरयू का सीना छलनी करने वाले माफियाओं का चिह्नित कर उन पर कार्रवाई न होने से उनका मनोबल बढ़ा हुआ है।अवसर मिलते ही माफिया सरयू का सीना छलनी करने में जुट जाते हैं।खास बात यह है कि यह खनन ऐसे जगह पर किया जा रहा है जिसके आसपास सरकार की अनेक विकास योजनाएं प्रस्तावित हैं। हालांकि माफियाओं के गुर्गे छापे की सूचना मिलते ही नाव और अन्य तरीकों से फरार होते रहे हैं।उनको चिह्नित न किया जाना चर्चा का विषय बना हुआ है।

# श्रीमद्भागवतम् को विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में भी लागू किया जाना चाहिए कमल लोचन प्रभु जी



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) जौनपुर द्वारा सिद्धार्थ उपवन में आयोजित 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य संकीर्तन यात्रा के साथ हुआ। नगर की सड़कों पर भक्तों ने हरि नाम संकीर्तन करते हुए उत्साह और भक्ति का प्रदर्शन करते हुए कथा स्थल पहुंचे। यह आयोजन क्षेत्र में आध्यात्मिकता और भक्ति के प्रचार का अनोखा उदाहरण बन रहा है। कथा व्यास कमल लोचन प्रभु जी ने कथा के प्रथम दिवस पर भक्तों को अपने प्रेरणादायक वक्तव्य से मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा, मानव समाज में असमानता ईश्वरविहीन सभ्यता में सिद्धांतों की कमी के कारण है। ईश्वर या सर्वशक्तिमान एक है, जिससे सब कुछ निकलता है, जिसके द्वारा सब कुछ बनाए रखा जाता है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। भौतिक विज्ञान ने सृष्टि के अंतिम स्रोत को खोजने का बहुत अपर्याप्त प्रयास किया है, लेकिन यह एक तथ्य है कि हर चीज का एक अंतिम स्रोत है। इस अंतिम स्रोत को सुंदर भागवतम , या श्रीमद–भागवतम में तर्कसंगत और आधिकारिक रूप से समझाया गया है । आगे कहा श्रीमद्भागवतम् न केवल सभी चीजों के परम स्रोत को जानने के लिए बल्कि उनके साथ हमारे संबंध को जानने और इस पूर्ण ज्ञान के आधार पर मानव समाज की पूर्णता के प्रति हमारे कर्तव्य को जानने के लिए भी दिव्य विज्ञान है। यह संस्कृत भाषा में शक्तिशाली पठन सामग्री है, और अब इसे अंग्रेजी में विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया गया है ताकि केवल सावधानीपूर्वक पढ़ने से ही कोई व्यक्ति ईश्वर को पूरी तरह से जान सके, इतना कि पाठक नास्तिकों के हमले से खुद को बचाने के लिए पर्याप्त रूप से शिक्षित हो जाएगा। इसके अलावा, पाठक दूसरों को ईश्वर को एक ठोस सिद्धांत के रूप में स्वीकार करने के लिए प्रेरित करने में सक्षम होगा। संयोजक डा. क्षिजित शर्मा ने बताया कि यह कथा सात दिनों तक चलेगी, जिसमें हर दिन भागवत महापुराण के अलग–अलग प्रसंगों पर प्रकाश डाला जाएगा। डा. क्षितिज ने सभी भक्तों से अनुरोध किया है कि वे इस पवित्र कथा में भाग लेकर भगवान की कृपा प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि नगर के अलग अलग मुख्य मार्गों पर प्रतिदिन संकीर्तन यात्रा भी निकाली जाएगी। इस्कॉन जौनपुर का यह आयोजन समाज में भक्ति और आध्यात्मिकता के प्रसार का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन रहा है।

# लायंस क्लब क्षितिज ने दिव्यांगजन सहायतार्थ किया मेले का आयोजन



दैनिक देश की उपासना ब्यूरो जौनपुर । लायंस क्लब क्षितिज द्वारा दिव्यांगजनों के सहायतार्थ एक बिजनेस एक्सपो मेला दिनाँक 5 जनवरी को राजमहल मे आयोजित किया गया जिसके समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह जी, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर क्षितिज शर्मा जी एवं विनीत सेठ जी ने दिव्यांगजन को 20 ट्राई साइकिल, व्हील चेयर कंबल, मिठाई आदि प्रदान की गई। मुख्यअतिथि एवं विशिष्ट अतिथियो को लायंस क्लब क्षितिज के संस्थापक अध्यक्ष लायन एमजेएफ शशांक सिंह रानू , अध्यक्ष प्रदीप सिंह, निवर्तमान अध्यक्ष लायन धर्मेंद्र सेठ, एक्सपो कोऑर्डिनेटर विष्णु सहाय, एक्सपो चेयरमैन लायन संजय गुप्ता के द्वारा सभी स्टाल का भ्रमण कराया गया। बिजनेस एक्सपो मेले में चुनिंदा ब्रांड के ऑटो स्टाल, इलेक्ट्रॉनिक स्टॉल, फर्निचर, टेक्सटाइल, फूड स्टॉल, बुटीक स्टॉल, विभिन्न प्रकार के गेम्स, जादू, बच्चों के झूले, घुड़सवारी आदि रहे। मेले में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गये। एक्सपो मेले में दिन भर लोगों की भारी भीड़ रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ज्ञान प्रकाश सिंह जी ने लायंस क्लब क्षितिज की सराहना करते हुए जनपद वासियों को नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि लायंस क्लब क्षितिज द्वारा ये दिव्यांग सहायतार्थ मेला बहुत ही सराहनीय व प्रशंसनीय कार्य है। ये क्लब मण्डल का विशिष्ठ क्लब है। इस तरह के आयोजन से लायन्स की छवि समाज में बेहतर बनती है और इस तरह के आयोजन पारिवारिक सौहार्द को भी बढ़ाते हैं। टीडीएमसी स्कूल, राजेपुर के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किये। पूर्व अध्यक्ष शशांक सिंह रानू व दिलीप सिंह ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह श्रानूश द्वारा सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मेले के प्रायोजक गहना कोठी और आशीर्वाद हॉस्पिटल, होटल जेएमएस ग्रैंड और ओम साईं बाल चिकित्सालय के महत्वपूर्ण सहयोग से मेले का वृहद आयोजन हुआ। मेले के आयोजन मे कार्यक्रम को–चेयरमैन अतुल सिंह, सुनील कनौजिया, लायनेस कोऑर्डिनेटर आराधना सिंह व सीमा चक्रवाल, चेयरपर्सन नीतू सिंह, पूर्व चेयरपर्सन यवनिका सिंह, अर्चना सिंह, चेतना साहू, सीमा सहाय, किरन सेठ, कार्यक्रम संयोजक लायन दीपक साहू, विनय बरौतिया, प्रदीप श्रीवास्तव, दिलीप जायसवाल, चंद्र शेखर जायसवाल, हफीज शाह, कौशल त्रिपाठी, हसन अब्बास, देवेंद्र सिंह पिंकू, संजय जायसवाल, डॉक्टर चंदन गुप्ता, अंजनी प्रजापति, हसन अब्बास, बबिता जायसवाल, नीलम जायसवाल, निशा कनौजिया, सुषमा सोनकर, शिल्की श्रीवास्तव, प्रिया सिंह, जूही सिंह, शिल्पी जायसवाल, रेखा सिंह, शिल्की श्रीवास्तव, आकांक्षा द्विवेदी, सरिता मिंगलानी, पुष्कर जायसवाल का भरपूर सहयोग मिला। कार्यक्रम के अंत में एक्सपो मेला कमेटी व सभी सहयोग कर्ताओं को, जौनपुर के सम्मानित लोगों को, मेले के सफल आयोजन में शामिल लाइटिंग, कैमरा मैन, सजावट, टेंट व विभिन्न ब्रांड के स्टॉल्स के प्रोपराइटर आदि को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। शॉप डेकोरेशन का प्रथम पुरस्कार ATS एलीवेटर एंड इंजीनियरिंग कंपनी व द्वितीय पुरस्कार गाढ़ा वस्त्रालय, पंजाबी मार्केट को दिया गया। सचिव अजीत सोनकर द्वारा लायन सदस्यों व पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मोहम्मद मुस्तफा जी, पूर्व अध्यक्ष जय कृष्ण साहू जैकी व विनीत सेठ, विनय, संजय सिंह मौर्य, सौरभ कनौजिया, देव आनन्द, संजय बैंकर, सर्वेश जायसवाल, देवेश जी, रत्नेश जी, अभिषेक गुप्ता शम्मी, डॉ विकास रस्तोगी, आशीष चौरसिया, डॉक्टर प्रशांत द्विवेदी, जगदीश प्रसाद मौर्य गप्पू, नीरज कुमार सिंह, डॉ दिनेश कनौजिया, राजीव गुप्ता, शैलेंद्र बैंकर, जगन्नाथ मोदनवाल सुड्डू, सुनील जायसवाल, विशाल बरनवाल, नीरज श्रीवास्तव, डॉ सतीश मौर्या, डॉ प्रिया सिंह, सरिता मिंगलानी, राम अचल मौर्य, मनीष गुप्ता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन लायन अतुल सिंह, चंद्र शेखर गुप्ता, अंजनी प्रजापति, संजय गुप्ता और अर्चना सिंह द्वारा किया गया।

# चुनाव अधिकारी विशाल कोहली, सौरभ शर्मा, संदीप कुमार ने नवनिर्वाचित कमेटी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। राजाजीपुरम् परिक्षेत्र उघोग व्यापार मण्डल की इकाई पुराना टैम्पो स्टैण्ड उघोग व्यापार मण्डल के चुनाव अधिकारी विशाल कोहली सौरभ शर्मा संदीप कुमार ने अपने संयुक्त बयान में बताया कि नामांकन पत्र जांच एंव नामांकन पत्र वापसी के बाद अध्यक्ष दीपक कुमार सहगल वरिष्ठ उपाध्यक्ष मिनहाज अहमद वरिष्ठ महामंत्री जसवीर सिंह इरोज महामंत्री इं0 सिद्धार्थ सिंह ऋषि जैन मंत्री प्राशुल तिवारी संजय कुमार गुप्ता सुनील कुमार कृष्णनानी संगठन मंत्री कुलदीप तलवार कोषाध्यक्ष अशोक रूपेजा को घोषित किया गया। लखनऊ व्यापार मण्डल के महामंत्री एवं चुनाव प्रभारी उमेश शर्मा ने बताया कि कार्यवाहक अध्यक्ष अनूप द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीशू अरोडा, नीरज चक्रवर्ती उपाध्यक्ष नीलेश नागपाल, संध्या सिक्का, दीपक तलवार को घोषित किया और नव गठित टीम को फूल माला पहनाकर बधाई एवं शुभकामानाएं दी। चुनाव अधिकारी विशाल कोहली, सौरभ शर्मा, संदीप कुमार ने नवनिर्वाचित कमेटी को हार्दिक शुभकामनाएं दी। मुख्य रूप से उमेश शर्मा विशाल कोहली सौरभ शर्मा संदीप कुमार, राजाजीपुरम परिक्षेत्र के महामंत्री सुशील तिवारी उपस्थित रहे।

# साहसिक कार्य के चलते पीएससी आरक्षी को एडीजी पीएसी व प्रभारी आईजी पीएसी पूर्वी जोन ने की प्रशंसा

(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ)

अयोध्या। रविवार को पीएसी आरक्षी गौरव यादव व आरक्षी रोहित कुमार यादव,34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी की ड्यूटी महाकुंभ मेला प्रयागराज के दौरान,'वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर–9 पर लगाई गई थी।सुबह छः बजे कैंट रेलवे स्टेशन वाराणसी से लखनऊ तक चलने वाली शटल सुपरफास्ट एक्सप्रेस पर सवार होने हेतु महिला यात्री कु0 मैजबीन बानो पुत्री रिजवान अहमद निवासी गंगानगर, वाराणसी जो कि वाराणसी में ही मेडिकल की छात्रा है,ट्रेन पर



चढ़ते समय पैर फिसलने के कारण ट्रेन के नीचे आ गई।ड्यूटी में तैनात पीएसी जवान गौरव एवं रोहित द्वारा तत्काल प्रतिक्रिया करते हुए हाथ पड़कर उक्त छात्रा को चलती ट्रेन के नीचे से बाहर खींच लिया गया। जिससे छात्रा की जान बच गई।अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी सुजीत कुमार पांडेय ने उक्त जवान के इस साहसिक कार्य की प्रसंशा करते हुए प्रशस्ति–पत्र एवं प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक पीएसी पूर्वी जोन डॉ0 राजीव नारायण मिश्र द्वारा नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।

# पुलिस मुठभेड़ में एक कैंटर से 27 गोवंशो को बरामद कर 3 गौ तस्कर गिरफ्तार





(डॉ अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या।थाना बाबा बाजार क्षेत्र मे शनिवार की देर शाम पुलिस मुठभेड़ में तीन गौ तस्कर घायल हो गये।जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर कर लिया है।शनिवार की देर रात कंटेनर से 27 गौवंश ले जा रहे हैं इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने दबिश डाला।दबिश के दौरान हुई मुठभेड़ में तीन गौ तस्कर गिरफ्तार किया गया।वहीँ लगभग 27 गौवंशो को गौशाला भेजा गया। पुलिस की माने तो मेडिकल चेकअप के लिए ले जा रहे तीन गौ तस्करों में से एक गौ तस्कर लघु शंका के बहाने हेड कांस्टेबल की पिस्टल छीन कर पुलिस टीम पर फायर कर भागने की कोशिश किया। जिसके चलते पुलिस ने जबाबी कार्रवाई में गौ तस्कर के बाए पैर मे गोली लगी।पुलिस की माने तो थाना अध्यक्ष बाबा बाजार शैलेंद्र कुमार आजाद के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर शनिवार की देर रात्रि मे बाबा बाजार से रुदौली मार्ग पर वहद ग्राम बनमऊ मे समय वाहन चेकिंग के दौरान कण्टेनर वाहन मे बैठे तीन व्यक्ति सुलेमान पुत्र अनीस निवासी नरपत नगर थाना स्वार जनपद रामपुर,तौसीम पुत्र बाबू निवासी जल्लाबाद थाना भवन जनपद शामली व मोहसिन अहमद पुत्र खलील अहमद निवासी मोहल्ला अगलगा थाना स्वार जिला रामपुर उम्र मोहम्मदी चौक इन्दिरा नगर वार्ड नम्बर–14 थाना बन मूलपुरा जिला नैनीताल,उत्तराखण्ड को चेक करते हुए एक कन्टेनर मे कुल 27 गो–वंश के साथ पकड़ा गया।आरोपियों ने पूछताछ मे बताया कि यह गोवंशीय पशु मुरादाबाद निवासी फिरासत व रियासत के है जिनको स्वार जनपद रामपुर से गोपालगंज बिहार प्रान्त बेचने के लिए वे लोग लेकर जा रहे थे।गिरफ्तार तीनो अभियुक्तो व बरामद गोवंशीय पशुओ के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 मु0अ0सं0 05/2025 धारा 3द्ध5क(1) गोवध निवारण अधिनियम एवं 11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत किया गया।पुलिस के मुताबिक कार्यवाही के दौरान अभियुक्त सुलेमान द्वारा पुलिस टीम के ऊपर फायर कर दिया गया।पुलिस बल द्वारा आत्मसुरक्षार्थ फायर किया गया तो सुलेमान के बाये पैर मे गोली लग गई। जिसे प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी भेजकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।पुलिस के मुताबिक पकड़े गये अभियुक्त सुलेमान पुत्र मो0 अनीस निवासी नरपतनगर थाना स्वार जनपद रामपुर का आपराधिक इतिहास भी है।अन्य अभियुक्तो के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।इन आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार आजाद थाना बाबा बाजार, उ0नि0 देवेन्द्रनाथ राय थाना बाबा बाजार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। घटना की सूचना मिलते ही एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी शाहिद अन्य पुलिस के आल्हा अधिकारी मौके पर पहुंच कर आरोपियों से पूछताछ किया।

# एसएसपी ने खंडासा चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर देवकाली चौकी प्रभारी रहे अनुराग पाठक को सौपी कमान

अयोध्या।एसएसपी राज करण नैय्यर ने जिले में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए तीन निरीक्षक समेत पांच उप उप निरीक्षक व दस सिपाहियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया।उन्होंने कार्यों के प्रति लापरवाही बरतने के चलते चौकी प्रभारी खंडासा प्रशांत शर्मा को लाइन हाजिर कर दिया।उनकी जगह देवकाली चौकी प्रभारी रहे अनुराग पाठक को खंडासा चौकी का नया प्रभारी बनाया।इसके अलावा एसएसपी राज करन नैय्यर ने लल्लन यादव को निरीक्षक क्राइम थाना तारुन, जनार्दन सिंह कको निरीक्षक क्राइम थाना इनायतनगर, संतोष कुमार उपाध्याय को क्राइम ब्रांच,सुरेंद्र प्रताप सिंह को चौकी प्रभारी सत्तीचौरा,शेषनाथ सिंह को चौकी प्रभारी देवकाली,विकास कुमार कोई चौकी प्रभारी हैरिंग्टनगंज का दायित्व सौपा।जबकि प्रशांत शर्मा को खंडासा चौकी से पुलिस लाइन,सिपाही अशोक कुमार वर्मा, धनंजय पटेल, अमरनाथ, अनिल कुमार दुबे, विवेक कुमार, सतीश कुमार ,ऋषिकेश दुबे, अन्नू सिंह, धीरेंद्र मिश्रा व देवल चौहान कोई थाना इनायतनगर भेजा।

# बन्द कमरे में अंगीठी ,रूम हीटर,ब्लोवर न जलाएं : जिला प्रशासन

ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। पिछले दस दिनों से जनपद में हाड़ कपाने वाली ठंड से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।गलन और ठिठुरन भरी सर्दी का प्रकोप लगातार जारी है।सर्दी के सितम से परेशान लोग बचाव के लिए लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं।इधर कोहरे ने भी सुबह से ही सड़को को आगोस में ले लिया है।जिले का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री तथा अधिकतम 18 डिग्री मापी गयी है।विजिबिलिटी की बात करे तो 100 से 200 मीटर तक सामने दिखाई दे रहा है।सड़को पर चलने वाली गाड़ियां रेंगकर चलने को मजबूर है।सूर्य देवता के दर्शन के लिए लोग कई दिनों से परेशान है। जनपद में जिला प्रशासन ने सर्दी से राहत के लिए बस स्टैंड,चौराहों तथा रेलवे स्टेशनों पर सुखी लकड़ियों की ब्यवस्था कर रखा है।जिससे आम लोगो को अलाव जलाकर राहत मिल सके।वहीं यात्रियों के लिए रात्रि में ठहरने के लिए रैन बसेरों की ब्यवस्थाएँ की गई है।कोहरे का असर रेलगाड़ियों व बसों के संचालन पर भी पड़ रहा है।रेलगाड़ियां अपने समय से न पहुंचकर बिलम्ब से चल रही है।वही बसे भी देरी से चल रही हैं। बाहर से आये हुए यात्री रैन बसेरों में रहकर शीतलहर से बचते हुए अपना समय ब्यतीत कर सकते है।मौसम विभाग की माने तो अभी और सर्दी बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। जिला प्रशासन ने भीषण ठंड में आम जनता से अपील किया है बहुत जरूरी कार्य हो तो तभी घर से बाहर निकले।शीतलहर से बचने के लिए गर्म ऊनी कपड़े पहने,शाम को घर जल्दी पहुंचे,अलाव या अंगीठी जलाए इसके साथ ही चेतावनी भी दिया है कि बन्द कमरे में अंगीठी ,रूम हीटर,ब्लोवर न जलाएं।

# मिल्कीपुर विधान सभा उपचुनाव में सपा की जीत पक्की – अवधेश प्रसाद

अयोध्या। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव ही वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव का रास्ता तय करेगा। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव मैं सपा भाजपा को भारी मतों से पराजित करेगी।यह बातें सोमवार को फैजाबाद लोकसभा सांसद अवधेश प्रसाद ने सिविल लाइन स्थित एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर सपा उसी दिन ही जीत गई जब फैजाबाद के सम्मानित लोगों ने हमें लोकसभा की चुनाव में भारी मतों से सांसद बनाया।उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके कैबिनेट में बने मंत्री सट्टा राज्य मंत्री चाहे कितने ही एड़ी चोटी जोड़ लगाना लगा ले लेकिन समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार की होगी।उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के बार बार मिल्कीपुर दौरे को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों पर कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कैबिनेट मंत्री,राज्य मंत्री आये परंतु इस उप चुनाव में सपा का ही प्रत्याशी जीतेगा।जिससे 2027 के चुनाव का रास्ता मिल्कीपुर से ही निकलेगा।उत्तर प्रदेश में2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का सफाया होगा और अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा की सरकार बनेगी। पत्रकारों द्वारा पूछे गए राम मंदिर दर्शन के सवाल पर सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि मेरा तो पूरा परिवार राम मय है।मेरे पूर्वजों का नाम राम से ही शुरू होता है।मेरे बाबा का नाम,पिता का नाम,मामा का नाम व ससुर के नाम के आगे पीछे राम लगा हुआ है।भाजपा के किसी नेता के आगे पीछे राम नहीं है।अपवाद के रूप में छोड़ दिया जाए एकाद दो नेताओं के नाम के आगे पीछे राम हो सकता है।हम सौभाग्यशाली है मेरे बाबा से लेकर पिता ससुर तक सबके नाम के आगे पीछे राम है।हमारे रोम रोम में राम है।हमारी विचारधारा मर्यादा पुरुषोत्तम राम से जुड़ी है।इस मर्यादा को भाजपा ने विखंडित किया है।राम की मर्यादा को केवल अयोध्या में ही नहीं पूरे देश में स्थापित करने का काम करूंगा।

# पीएचडी के 17 और विषयों के साक्षात्कार की तिथि जारी

लखनऊ, (संवाददाता)। लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के तहत 17 और विषयों के लिए साक्षात्कार की तिथि जारी कर दी है। इनकी शुरुआत आठ जनवरी से होगी। प्रवेश विभाग ने अधिसूचना के माध्यम से समय सारिणी भी तय कर दी है। पीएचडी में प्रवेश के लिए विवि में सात व आठ दिसंबर को लिखित परीक्षा करवाई गई थी। इसमें सफल रहने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। इसकी सूची विवि की वेबसाइट पर है। प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव ने बताया कि अर्ह अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष कार्यालय में उपस्थित होना पड़ेगा। प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरात्तव के एक से 43 अंक तक के अभ्यर्थियों के साक्षात्कार 17 व 44 से 87 तक के इंटरव्यू 18 जनवरी को होंगे। इसके लिए सुबह 10रू30 बजे उपस्थित होना होगा। कंप्यूटर साइंस के एक से 10 नंबर तक के अभ्यर्थियों को 15 जनवरी की सुबह 10रू30 बजे व 11 से 17 तक के अंक वालों को दोपहर 01रू30 बजे साक्षात्कार के लिए आना होगा। रक्षा अध्ययन, समाज कार्य विभाग के साक्षात्कार 11 जनवरी को होंगे। पब्लिक हेल्थ, पब्लिक पॉलिसी ऑफ गवर्नेंस के साक्षात्कार आठ जनवरी, उर्दू के नौ जनवरी, पर्सियन के 13 जनवरी, ओरिएंटल संस्कृत के 10 जनवरी और गृह विज्ञान के 15 जनवरी को होंगे। शिक्षाशास्त्र विषय के साक्षात्कार 10 व 11 जनवरी को होंगे। 10 को एक से 70 नंबर तक के अर्ह अभ्यर्थियों को सुबह 10 बजे व 71 से 140 वालों को दोपहर 12 बजे तक रिपोर्ट करना होगा। 141 से 210 अंक वालों को 11 की सुबह 10 बजे और 211 से 264 नंबर तक के अभ्यर्थियों को दोपहर 12 बजे तक उपस्थित होना होगा। इसी तरह विधि विषय के अर्ह अभ्यर्थियों के साक्षात्कार 16 व 17 जनवरी को होंगे। इसमें एक से 267 नंबर तक के अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। लविवि में हिंदी विषय में पीएचडी के लिए अर्ह अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए 10 व 11 जनवरी को आना होगा। 10 की सुबह 09रू30 बजे एक से 140 अंक व 141 से 280 नंबर तक वालों को दोपहर एक बजे रिपोर्ट करना होगा। 281 से 420 तक के अंक वालों को 11 की सुबह 09:30 बजे व दोपहर एक बजे 421 से 538 नंबर तक के अर्ह अभ्यर्थियों को पहुंचना होगा।

# इस्कॉन जौनपुर द्वारा भव्य संकीर्तन यात्रा का आयोजन, कथा से पूर्व भक्तिमय माहौल

ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। (अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ) इस्कॉन जौनपुर द्वारा भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी की असीम कृपा का गुणगान करते हुए भव्य संकीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा आगामी 6 जनवरी से कथा के शुभारंभ से एक दिन पूर्व निकाली गई, जिसने पूरे शहर को भक्तिमय बना दिया। इस संकीर्तन यात्रा की शुरुआत भंडारी रेलवे स्टेशन से हुई। यात्रा में सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया, जो हाथों में ध्वज, मृदंग, करताल और अन्य वाद्य यंत्र लेकर हरिनाम संकीर्तन करते हुए आगे बढ़े। भक्तजन ष्हरे



कृष्ण हरे रामष के जयकारे लगाते हुए श्रीकृष्ण भक्ति का संदेश जन–जन तक पहुंचा रहे थे। संयोजक डा. क्षितिज शर्मा ने बताया 6 से 12 जनवरी तक नगर के सिद्धार्थ उपवन में श्रीमद्भागवत कथा आयोजित है। उक्त कथा का समय शाम 4 बजे से 7 तक सुनिश्चित है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन अलग–अलग नगर के मार्गों पर संकीर्तन यात्रा भी निकलेगी। उन्होंने बताया कि कथा व्यास के रूप में कमल लोचन प्रभु जी अध्यक्ष इस्कान मीरा रोडकृमुम्बई एवं वापीकृगुजरात का आगमन हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य समाज में शांति, प्रेम और भक्ति का प्रचार–प्रसार करना है। उन्होंने बताया कि, शहर से लगभग 24 किलोमीटर दूर, भीरा बाजार के पास, कुंभ गाँव में 40 एकड़ के क्षेत्रफल में "गोमती इको विलेज" विकसित किया जा रहा जो जौनपुर को प्रदेश, देश और विदेश में आध्यात्म और पर्यटन के पटल पर एक प्रमुख पहचान देगा।

# नहीं बन रहा राशन कार्ड, भटक रही महिला

लखनऊ, (संवाददाता)। जिले की तहसीलों में शनिवार संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें आए कुल 127 मामलों के मुकाबले 13 मामलों को मौके पर निस्तारित किया गया। शेष मामलों को निस्तारित करने के लिए पुलिस व राजस्व टीमों को निर्देशित किया गया है। वहीं मामलों में अधिकतर कब्जे को लेकर शिकायत आई। वहीं एक महिला ने राशन कार्ड न बन पाने पर गुहार लगाई। जमुनहा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने की। इस दौरान यहां 44 मामले आए। इनमें से पांच मामलों का मौके पर निस्तारण हुआ। इसी तरह से भिनगा में 32 के मुकाबले तीन व इकौना में 51 मामलों के मुकाबले पांच मामलों का निस्तारण किया गया।बाक्स में जमुनहा के ग्राम शिकारी चौड़ा निवासी रामसुमिरन ने समाधान दिवस में दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके पट्टे की भूमि का राजस्व कर्मियों ने चिह्नांकन कराया था। इस पर वह मकान बनवा रहा था। शनिवार सुबह आरोपियों ने उसकी भूमि पर कब्जा कर अभद्रता करते हुए सीमा चिह्न भी उखाड़ दिया है। जमुनहा बाजार निवासी गोमती ने शिकायती पत्र में कहा है कि ग्राम बांसगढी निवासी कुछ लोगों ने उसकी भूमि गाटा संख्या 292 के रकबा 0.810 हेक्टेयर पर कब्जा कर लिया है। इसके लिए कई बार उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र दिया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित ने आरोपियों को कार्रवाई कर भूमि पर कब्जा दिलाने की मांग किया है। भिनगा क्षेत्र के ग्राम मदरहवा निवासी परमीना ने शिकायती पत्र देकर राशन कार्ड बनवाने की मांग कीहै। उसने कहा है कि वह उसने राशन कार्ड बनवाने के लिए कई बार संबंधित विभाग में शिकायती पत्र दिया, लेकिन अब तक उसका राशन कार्ड नहीं बन सका है। इकौना के ग्राम कटरा निवासी दिलीप कुमार ने शिकायती पत्र में कहा है कि विपक्षियों ने उसकी दुकान पर कब्जा कर लिया है। साथ ही उसके दुकान का सामान निकालकर बाहर फेंक दिया है। इस संबंध में थाने में मामला भी दर्ज कराया गया है लेकिन आरोपी दुकान से कब्जा नहीं हटा रहे हैं।

# कुएं में उतराता मिला प्रेमी-प्रेमिका का शव

लखनऊ, (संवाददाता)। सोनवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी प्रेमी जोड़े का शनिवार गांव के पूरब खेत में स्थित कुएं में शव उतराता दिखा। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाया। लापता होने पर किशोरी के पिता ने युवक व उसके परिजनों के विरुद्ध अपनी पुत्री को बहका ले जाने का मामला दर्ज कराया गया था। सोनवा थाना क्षेत्र के एक निवासी 15 वर्षीय किशोरी 26 दिसंबर शाम नित्यक्रिया के लिए घर से निकली थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। तलाश के दौरान 27 दिसंबर को किशोरी की चप्पल व मोबाइल गांव निवासी मनीष श्रीवास्तव के खेत में स्थित कुएं के किनारे पड़ी मिली। इसके बाद मामले में किशोरी के पिता ने 28 दिसंबर को स्थानीय थाने में गांव के ही रिंकू (19), रिंकू के पिता फेरन, भाई राजू व माता सलवासी पर अपनी पुत्री को बहका ले जाने का मामला दर्ज कराया था। तब से परिवारीजन व पुलिस दोनों को तलाश रहे थे। रविवार को कुएं में प्रेमी जोड़े का शव उतराता दिखा।

# नगर निगम के शिविर में जमा करें गृहकर, निर्धारण भी होगा

लखनऊ, (संवाददाता)। विस्तारित व पुरानी सीमा में शामिल कॉलोनियों के गृहकरदाताओं के लिए नगर निगम रविवार को विशेष कैंप लगाएगा। यह सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक चलेंगे। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि यहां गृहकर जमा करने के साथ नए कर निर्धारण भी होंगे। जोन एक में आने वाले बशीरतगंज–गनेशगंज वार्ड में झंडे वाला पार्क दुर्विजयगंज, नजरबाग–यदुनाथ सान्याल में मदर टेरेसा स्कूल मॉडल हाउस, राम मोहन राय वार्ड में अहमद मेंशन अपार्टमेंट में कैंप लगेगा। जोन दो में आने वाले राजेन्द्र नगर वार्ड पानी की टंकी के पास, राजेंद्र नगर पानी की टंकी के पास, राजाजीपुरम में पार्षद कार्यालय में लगेगा। जोन तीन के जानकीपुरम तृतीय वार्ड में सेक्टर चार बसंत वाटिका पार्क, सृष्टि अपार्टमेंट, सेक्टर के छह में केंद्रीय बिहार में कॉलोनी में लगेगा। जोन चार के खरगापुर सरसवां वार्ड के ग्रीनवुड अपार्टमेंट सेक्टर एक में लगेगा। जोन पांच के सरोजनीनगर प्रथम वार्ड के अली नगर सुनहरा, पंडित खेड़ा, रामजीलाल सरदार पटेल वार्ड में पार्षद कार्यालय, चित्रगुप्त नगर वार्ड में सौभाग्य अपार्टमेंट, गीतापल्ली वार्ड में रैन बसेरा में शिविर लगेगा। जोन छह के लालजी टंडन वार्ड में चांद मार्केट के पीछे, हैदरगंज तृतीय के गोविंद नगर में, दौलतगंज वार्ड में अहमदगंज चौराहा, भवानीगंज में डा. अल्वी क्लीनिक के पास, हुसैनाबाद के शिवपुरी, बालागंज के छंदोइया, आलमनगर में जलालपुर फाटक के पास सिंह टेंट हाउस, हैदरगंज प्रथम में ऑफिस प्लाजा, सआदतगंज वार्ड में शुक्ला ट्रेडर्सस कनक सिटी , कल्याण सिंह वार्ड में काकोरी मोड़, हैदरगंज द्वितीय में इंडिया अस्पताल भपटामऊ और मल्लाही टोला द्वितीय

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

मो0 - 7007415808, 9628325542, 9415034002

RNI NO - UPHIN/2022/86937

Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।